

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03 : अंक : 265 | ग्वालियर, बुधवार 28 अक्टूबर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8

## न्यूज ट्रैक

### दिल्ली, पंजाब समेत कई राज्यों में संजय जैन के 42 ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा, करोड़ों रुपए और आभूषण बरामद



**नई दिल्ली।** दिल्ली-हरियाणा समेत कई कई राज्यों में एंट्री ऑपरेटर संजय जैन और उसके लाभार्थियों के 42 ठिकानों पर इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी हो रही है। इनकम टैक्स विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब और गोवा में एंट्री ऑपरेटर संजय जैन और उनके लाभार्थियों के 42 परिसरों पर छापेमारी की है। इन छापेमारी में अब तक 2.37 करोड़ रुपए नकद और 2.89 करोड़ रुपए के आभूषण बरामद किए गए हैं और सर्च अब भी जारी है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा कि बीते दिन फर्जी बिलिंग के जरिए बड़ी संख्या में नकदी के प्रवेश संचालन और उत्पादन का रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में रुपये और आभूषण को जब्त किया गया। आगे कहा गया कि छापेमारी के दौरान 500 करोड़ रुपये से अधिक की आवास प्रविष्टियों के सबूतों को जब्त कर लिया गया। 2.37 करोड़ रुपये की नकदी समेत 2.89 के आभूषण जब्त किए गए हैं। इसके आलावा, 17 बैंक लॉकरों की भी जानकारी मिली है, जिनका संचालन होना बाकी है। आगे की जांच चल रही है।

### पाकिस्तान के पेशावर में मदरसे के पास एक और धमाका, 7 की मौत, 70 घायल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पेशावर की डार कॉलोनी में जोरदार विस्फोट हुआ है। पाकिस्तान की मीडिया के अनुसार, मदरसा के पास हुए इस विस्फोट में कम से कम 70 लोग घायल हो गए हैं। इसके अलावा 7 की मौत हो गई है। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। बता दें कि बीते एक सप्ताह में ये पाकिस्तान में धमाके क दूसरी घटना है। हाल ही में पाकिस्तान के कराची शहर में बड़ा धमाका हुआ था। गुलशन-ए-इकबाल में कराची विश्वविद्यालय मस्कान गेट के सामने एक 4 मंजिला इमारत में विस्फोट के बाद पांच लोग मारे गए थए और 20 से अधिक लोग घायल हो गए थे। हालांकि यह कैसा धमाका था इसकी पुष्टि अभी पुलिस ने नहीं की है। पाकिस्तानी मीडिया ने यह खबर दी है। इसके अलावा हाल ही में पाकिस्तान में एक हमला बलूचिस्तान के ओरमारा में राज्य ऑयल एवं गैस विकास कंपनी लिमिटेड के काफिले पर हुआ, जिसमें 15 लोग मारे गए। वहीं उत्तरी वजीरिस्तान में हुए दूसरे हमले में कम से कम छह सैनिकों की मौत हो गई थी।

### निकिता मर्डर केस : लड़की को मुस्लिम बनाना चाहता था तौसिफ, कोर्ट ने दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड में भेजा



**फरीदाबाद।** हरियाण के फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ शहर में कॉलेज से पेपर देकर घर लौट रही छात्रा निकिता तोमर की मुस्लिम समुदाय के एक युवक तौसिफ और उसके दोस्त रेहान द्वारा सोमवार शाम दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, घटना अग्रवाल कॉलेज के सामने की सड़क पर हुई जब परीक्षा देने के बाद बाहर निकली बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा निकिता का तौसिफ ने पिस्तौल की नोंक पर अपहरण करने और कार में बिठाने का प्रयास किया, लेकिन निकिता के विरोध करने पर आरोपी जब अपने मंसूबों को अंजाम देने में विफल रहा तो उसने छात्रा को गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान आरोपी का दूसरा साथी कार में बैठा हुआ था। निकिता को उसकी साथी ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह इसमें नाकाम रही। वारदात के बाद आरोपी कार में बैठकर फरार हो गए। यह पूरी घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपी तौसिफ और रेहान को गिरफ्तार कर लिया है।

**निकिता से शादी करने का बना रहा था दबाव-** उधर, परिजनों का कहना है कि आरोपी ने वर्ष 2018 में भी निकिता के अपहरण का प्रयास किया था। वह उसे मुस्लिम बनाकर उससे शादी करने का दबाव बना रहा था। उस वक्त पुलिस में आरोपी की शिकायत की गई थी, लेकिन उस समय पुलिस के कथित दबाव और आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर उन्होंने लोकलाज के चलते समझौता कर लिया था। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस ढिलाई की कीमत निकिता को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

---

### बिहार में वोटिंग से एक दिन पहले नड्डा का आरजेडी पर हमला

# बोले- जनता तय करे कि सुशासन चाहिए या कुशासन

**राजनगर।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को विकास के विपक्ष के वादे पर तंज करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का अराजक चरित्र अभी भी नहीं बदला है, ऐसे में लालू प्रसाद की पार्टी आ गई तब विकास के कटोरे में छेद हो जायेगा । उन्होंने कहा कि ऐसे में बिहार की जनता को तय करना है कि उन्हें हाईवे चाहिए या अपहरण, उन्हें सुशासन चाहिए या कुशासन। भाजपा अध्यक्ष ने मंगलवार को मधुबनी के राजनगर और पूर्वी चंपारण में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। नड्डा ने कहा, कुछ लोग बदलाव की बात करते हैं । मैं पूछता हूं कि क्या राजद बदला है ? राजद आज भी वहीं है, उसका चरित्र अराजक है । वे नहीं बदले और बदलाव की बात करते हैं। तेजस्वी यादव की नौकरी के वादे पर चुटकी लेते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आजकल राजद के नेता कहते हैं कि वो 10 लाख नौकरियां देंगे लेकिन उनके माताजी और पिताजी ने तो 10 लाख से ज्यादा लोगों को बिहार से पलायन करा दिया था।

उन्होंने कहा कि राजद अराजक है और उसने विध्वंसकारी भाकपा माले से तालमेल किया है । जबकि कांग्रेस और उसके नेता मोदी जी का विरोध करने में लगे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा, ये लोग चले थे चरवाहा विश्वविद्यालय बनाने, ये चरवाहा विश्वविद्यालय बनते-बनते चारागाह बना दिया,चारागाह बनाते-बनाते चारा घोटाला कर दिया। ये है इनका रिपोर्ट कार्ड। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में बिहार विकास के नित नए आयामों को छू रहा है और अब यह बिहार की जनता को तय करना है कि उन्हें हाईवे चाहिए या अपहरण, उन्हें सुशासन चाहिए या कुशासन। राजद पर प्रहार जारी रखते हुए नड्डा ने कहा जिन्होंने बिहार में अराजकता फैलाई थी, प्रदेश में अपहरण उद्योग चलाया, लोगों को पलायन के लिए मजबूर किया.....वे क्या बिहार का विकास करेंगे? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के विकास के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये का पैकेज दिया था और 1.25 लाख करोड़ रुपये से विकास कार्य कराए , साथ ही 40 हजार करोड़ रुपये भी बिहार के विकास के लिए दिए। नड्डा ने कहा, और भी विकास होगा। लेकिन यह ध्यान रखना है कि लालू जी आ जायेंगे तब कटोरा में छेद हो जायेगा । ऐसे में पक्का लोटा चाहिए ताकि उपर से डाला जाए तो विकास हो। उन्होंने लोगों से कहा, आप अपना वोट देने के साथ-साथ अपने रिश्तेदारों से भी निवेदन कीजिए कि बिहार का विकास करना है तो एनडीए के प्रत्याशी को जिताना है। ये चुनाव बिहार के भविष्य को तय करने वाला है। हमें थोड़ी भी चूक होने से बचना है। उन्होंने केंद्र और राज्य की राजग सरकार के कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने बिहार के 1.36 लाख घरों में बिजली पहुंचाई है, करीब 1.20 लाख घरों में शौचालय बनाए गए हैं और पूरे देश में करीब 2 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं।

---

**मोदी सरकार ने बदला नियम**

## अब जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में कोई भी खरीद सकता है जमीन

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर एक और बड़ा फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को इन केंद्र शासित प्रदेशों को लेकर नए कानूनों का नोटिफिकेशन जारी किया है। नए नियम के मुताबिक, अब कोई भी भारतीय नागरिक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमीन खरीद सकता है। केंद्र ने 26 कानूनों को निरस्त या बदल दिया है।

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जमीन खरीदने के लिए राज्य का स्थायी निवासी होने की शर्त को हटा दिया है। गृह मंत्रालय का नोटिफिकेशन तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। केंद्र सरकार ने कहा है कि यह आदेश केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (केंद्रीय कानूनों का अनुकलन) तीसरा आदेश, 2020 कहा जाएगा। आदेश में कहा गया है कि सामान्य आदेश अधिनियम, 1897 इस आदेश की व्याख्या के लिए लागू होता है क्योंकि यह भारतीय क्षेत्र में लागू कानूनों की व्याख्या करता है। गृह मंत्रालय के नोटिफिकेशन पर तीखी



प्रतिक्रिया देते हुए नेशल कांफ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर अब बिक्री के लिए उपलब्ध है। उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया, जम्मू-कश्मीर के भू स्वामित्व कानून में अस्वीकार्य संशोधन किया गया है। डोमिसाइल के प्रतीकवाद को भी हटा दिया गया है और गैर कृषि योग्य जमीन की खरीद और कृषि जमीन के ट्रांसफर को आसान कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर अब बिक्री के लिए तैयार है और गरीब, कम जमीन के मालिकों को इसका नुकसान होगा। पिछले साल केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निष्प्रभावी करते हुए राज्य का पुनर्गठन कर दिया था और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांटा गया। इससे पहले सितंबर 2020 में जम्मू कश्मीर प्रशासन ने डोमिसाइल सर्टिफिकेट (प्रोसीजर) रूल में संशोधन किया था।

---



## चीन के खतरों का सामना करने के लिए बहुत कुछ कर रहे भारत-अमेरिका: पोम्पिओ

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच मंगलवार को तीसरी उच्च स्तरीय वार्ता शुरू हुई। इस वार्ता का लक्ष्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संपूर्ण रक्षा और सुरक्षा संबंधों को और मजबूत करना है, जहां चीन अपना आर्थिक और सैन्य विस्तार की कोशिश कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के अपने समकक्षों क्रमशः माइक पोम्पिओ और मार्क एस्पर के साथ तीसरी टू प्लस टू वार्ता शुरू की। वार्ता ऐसे समय पर हो रही है, जब भारत का पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ जारी विवाद जारी है और (अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप का प्रशासन व्यापार शुल्क और दक्षिण चीन सागर में चीन के आक्रामक सैन्य युद्धाभ्यास को लेकर उससे नाराज चल रहा है।

सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करते हुए दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी भारत के विवाद पर भी संक्षिप्त चर्चा की। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों मंत्रियों ने इस बात पर संतोष जताया कि अमेरिकी मंत्री की यात्रा के दौरान बीईसीए समझौते (बुनियादी आदान-प्रदान और सहयोग समझौता) पर हस्ताक्षर होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले एस्पर और पोम्पिओ की इस यात्रा के कई मायने हैं। अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है।

### भारत-अमेरिका ने अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत किया है: अमेरिकी रक्षा मंत्री

हमने विशेष रूप से पिछले वर्ष के दौरान अपनी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत किया है जिसके दौरान हमने अपनी क्षेत्रीय सुरक्षा और सूचना साझाकरण को उन्नत किया है। हमारा सहयोग एक स्वतंत्र और खुले भारत-प्रशांत के दिन और सिद्धांतों की चुनौतियों को पूरा करता है।

### चीन के खतरों का सामना करने के लिए आज भारत-अमेरिका बहुत कुछ कर रहा: पोम्पिओ

अमेरिकी विदेश मंत्री माइकल पोम्पिओ ने कहा कि आज दो महान लोकतंत्रों के करीब बढ़ने का शानदार अवसर है। इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सुरक्षा और स्वतंत्रता के लिए खतरों का सामना करने के लिए, आज हम चर्चा करने के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं।

---

**अनुराग ठाकुर का तेजस्वी पर हमला**

## जो अपने मां बाप का नहीं, राज्य का क्या होगा?



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार पहुंचे केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि एनडीए गठबंधन बिहार को आगे ले जाने का काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने बिहार में राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के दावेदार तेजस्वी ज्यादा पर हमला किया। कहा कि जो अपने मां बाप का नहीं हुआ वह राज्य की जनता का क्या होगा। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर पटना में प्रेस कांफ्रेस के दौरान ये बातें कही। दरअसल चुनावी अभियान के दौरान तेजस्वी के चुनावी पोस्टर से लालू प्रसाद यादव और मां राबड़ी देवी के बैनर और होर्डिंग्स से तस्वीर गायब रहने को अनुराग ठाकुर निशाना बना रहे थे।

**केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भी तेजस्वी पर निशान साधा-** इससे पहले भाजपा नेता और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राजद के मुख्यमंत्री कैंडिडेट तेजस्वी पर हमला करते हुए कहा कि वे कभी भी बिहार के लोगों से अपने निवास पर नहीं मिले और न ही किसी को एक गिलास पानी की भी पेशकश की।

### मध्य प्रदेश उपचुनाव : उसकी मां और बहन बंगाल की आइटम होंगी... बीजेपी नेता इमरती देवी को चुनाव आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने मध्यप्रदेश में उपचुनाव लड़ रहीं भाजपा नेता इमरती देवी को अनाम राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को पागल बताने और उनके परिवार की महिलाओं के खिलाफ टिप्पणी को लेकर मंगलवार को नोटिस जारी किया। इमरती देवी को नोटिस का जवाब देने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया है। ऐसा नहीं होने पर निर्वाचन आयोग आगे की कार्रवाई का फैसला करेगा। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ की इमरती देवी के खिलाफ आइटम टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए आयोग ने उन्हें आचार संहिता की अवधि के दौरान ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करने की सोमवार को सलाह दी थी।

---

## सोनिया गांधी ने बिहार और केंद्र को बताया बंदी सरकार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने बिहार और केंद्र की सरकारों को बंदी सरकार करार दिया है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार अहंकार में डूब चुकी है और अपने रास्ते से भटक गई है। कांग्रेस अध्यक्षा ने कहा कि एनडीए सरकार की ना तो उनकी करनी अच्छी है और ना ही कथनी।

सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि मज़दूर आज मजबूर है। किसान आज परेशान है। नौजवान आज निराश है। अर्थव्यवस्था की नाजुक स्थिति लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। धरती के बेटों पर आज गंभीर संकट है। दलितों और महादलितों को बेहाली की कगार पर लाकर छोड़ दिया गया है। समाज के पिछड़े वर्ग भी इसी बदहाली के शिकार हैं। सोनियां गाधी ने कहा कि बिहार की जनता की आवाज कांग्रेस महागठबंधन के साथ है। उन्होंने इसे आज के बिहार की पुकार बताया है। आपको बता दें कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव के लिए रैली कर रहे हैं। कल भी उनकी दो रैली आयोजित होने जा रही है। सोनिया गांधी ने अपने संदेश में दिल्ली और बिहार की सरकार कों 'बंदी सरकार' करार दिया है। उन्होंने कहा, नोटबंदी, तालाबंदी, व्यापारबंदी, आर्थिकबंदी, खेत-खलिहान बंदी, रोटी-रोजगार बंदी। इसीलिए, बंदी सरकार के खिलाफ अगली नस्ल और अगली फसल के लिए एक नए बिहार के निर्माण के लिए, बिहार की जनता तैयार है। अब बदलाव की बयार है। क्योंकि बदलाव जोश है, ऊर्जा है, नई सोच है और शक्ति है। अब नई इबारत लिखने का समय आ गया है। कांग्रेस अध्यक्षा ने आगे कहा, बिहार के हाथों में गुण है, हुनर है, ताकत है, निर्माण की शक्ति है, लेकिन बेरोजगारी, पलायन, महंगाई, भुखमरी ने उनकी आंखों में आंसू और पैरों में छाले दे दिए हैं। जो शब्द कहे नहीं जा सकते, उसे आंसुओं से कहना पड़ता है। भय, डर, खौफ, अपराध के आधार पर नीति और सरकारें खड़ी नहीं की जा सकतीं। सोनिया गांधी ने कहा, बिहार भारत का आईना है, एक आशा है।

---

**बिहार चुनाव 2020**

## राजद के सबसे ज्यादा प्रत्याशी दागी, भाजपा-जदयू भी पीछे नहीं

**पटना।** बिहार में राजनीति और अपराध का जैसे चोली दामन का साथ हो गया है। हर चुनाव में अपराध कम करने की बातें होती हैं। अपराधियों पर नकेल कसने के वादे होते हैं। लेकिन अपराधियों को ही टिकट भी थमा दिया जाता है। सभी प्रमुख दलों ने इस बार भी दागी नेताओं को मैदान में उतारा है। पहले चरण में जहां 31 प्रतिशत दागी नेता मैदान में थे, दूसरे चरण में 34 प्रतिशत ऐसे लोग चुनाव लड़ रहे हैं जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

चुनाव संबंधी गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने दूसरे चरण के प्रत्याशियों की रिपोर्ट मंगलवार को जारी की। इसके अनुसार सबसे ज्यादा राष्ट्रीय जनता दल ने ऐसे लोगों को टिकट दिया है जिनपर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। राजद के बाद भाजपा ने दागी नेताओं को टिकट दिया है। जदयू, लोजपा यहां तक कि कांग्रेस भी इस मामले में पीछे



नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार राजद के 56 उम्मीदवारों में से 36 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 28 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। भारतीय जनता पार्टी के 46 उम्मीदवारों में से 29 पर आपराधिक मामले हैं। इसमें से 20 पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जद (यू) के 43 में से 20 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जद-यू के 15 प्रत्याशियों पर गंभीर मामले दर्ज हैं। लोक जनशक्ति पार्टी के 52 उम्मीदवारों में से 28 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 24 पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 24 उम्मीदवारों में से 14, बसपा के 33 में से 16 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। बसपा के 14, कांग्रेस के 10 पर गंभीर आपराधिक मामलों हैं।

### 49 प्रत्याशियों पर महिलाओं से संबंधित आपराधिक मामले दर्ज

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये मैदान में उतरे 1463 उम्मीदवारों में से 34 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 49 उम्मीदवारों पर महिला उत्पीड़न और चार पर बलात्कार के आरोप हैं। 32 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या और 143 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले चल रहे हैं। दूसरे चरण की 94 सीटों में से 84 सीटें ऐसी हैं जहां तीन या उससे अधिक ऐसे उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिन पर आपराधिक मामले हैं।

---

ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

## एक नजर...



### आदित्य सिंह सिकरवार को सोशल मीडिया सेल का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया

ब्यूरो रिपोर्ट

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी व कांग्रेसी आईटी एवं सोशल मीडिया सेल के प्रदेश अध्यक्ष श्री अभय तिवारी जी व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री रामनिवास रावत जी जिला अध्यक्ष श्री राकेश मा वाई जी की सहमति से एवं मंसाराम श्रीवास प्रदेश महामंत्री कांग्रेस कमेटी पि . व. वि.म. प्र. अरविंद उर्फ बबलू दुबे कार्यकारी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पोरसा पंकज राजोरिया प्रदेश महामंत्री आईटी सेल सोशल मीडिया सेल मध्य प्रदेश के अथक प्रयास से आदित्य सिंह सिकरवार को सोशल मीडिया सेल का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पोरसा में इस मौके पर उपस्थित कांग्रेश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता अनु बाबू जी एवं विष्णु प्रताप सिंह तोमर अमरीश कुमार चौहान मोहित भदोरिया असलम खान माल्यार्पण करभव्य स्वागत किया उपस्थित मौके पर साथी गण पवन श्रीवास राजू तोमर अनिल सिकरवार अमित शर्मा रिंकू गुप्ता शुभम गुप्ता प्रवीण कुमार चौहान राम सिंह तोमर कुलदीप तोमर गिर्राज तोमर केतन गुप्ता रवि सादिक खान युवा शक्ति

**माल्यार्पण कर स्वागत किया खुशी जाहिर की,**

### सरगरा समाज द्वारा किताब को लेकर रोष व्याप्त



नेनाराम सीरवी ब्यूरो चीफ

रानी पाली / सोजत- क्षत्रिय सरगरा समाज द्वारा दसवीं कक्षा की किताब में सरगरा समाज की जाति के बारे में गलत जानकारी होने पर सोजत उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री एवं राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया पिछले कई दिनों से राजस्थान सरकार द्वारा दसवीं कक्षा की निशुल्क किताबें वितरण की जा रही है जिसमें दसवीं कक्षा के किताब में सरगरा समाज की अवहेलना की गई हैं जिसको लेकर राजस्थान में सरगरा समाज द्वारा किताब को लेकर रोष व्याप्त है प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगरा समाज के सामाजिक कार्यकर्ता युवराज चौहान सरगरा ने बताया की राजस्थान सरकार शिक्षा विभाग द्वारा सरगरा समाज जाति के साथ खिलवाड़ा किया जा रहा है वो कतई बरदास नहीं किया जाएगा । हम सभी समाज बंधु सोजत उपखंड अधिकारी मुख्यालय पर एकत्रित होकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन देकर उनसे न्याय चाहते हैं कि जल्द ही दसवीं कक्षा की किताब सरगरा जाति को लेकर संशोधन करवा दिया जाए अन्यथा संपूर्ण भारतवर्ष सरगरा समाज द्वारा जगह जगह जिला एवं तहसील स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसके जिम्मेदार राजस्थान सरकार होगी इस मौके पर युवराज चौहान सचिन इचरशा भूपेंद्र गहलोत भोमाराम रणजीत पवार पूरणमल हरिओम अशोक अर्जुन किशन मुकेश घेवर राम रमेश करण हितेश विजय अनमोल नवज्योति नारायण लाल रामचंद्र भुवनेश गोविंद अमराराम महावीर ओम प्रकाश अजय सुनील लेखराज आदि सरगरा समाज के लोग मौजूद थे।

### स्वसहायता समूह से तीन महिलाओ के जीवन में आया सुधार

विनोद पाठक ब्यूरो

श्योपुर / मप्रडे आजीविका मिशन के माध्यम से श्योपुर जिले में गठित किए गए स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही है। साथ ही समूह द्वारा तीन महिलाओ के जीवन में सुधार लाने की अनुक्ररणीय पहल की है। जिले के विकासखण्ड विजयपुर के ग्राम टेंटीखेड़ी की निवासी श्रीमती सुशीला पत्नी बहुआ कुशवाह द्वारा अपना कैला मैया स्वसहायता समूह गठित किया था। इसी प्रकार ग्राम पंचायत अगरा के ग्राम पालपुर की रहने वाली श्रीमती गुड़िया पत्नी बसंत योगी रनसिंह बाबा स्वसहायता समूह बनाया। इसके साथ ही ग्राम पालपुर की निवासी श्रीमती त्रिवेणी पत्नी बासुदेव कुशवाह ने शंकर स्वसहायता समूह का गठन किया। समूह गठित करने की प्रेरणा डीपीएम आजीविकास मिशन एसके मुदगल द्वारा दी गई। जिसपर अमल करते हुए तीनों समूह के माध्यम से महिलाएं तरक्की की ओर अपने समूह को आगे बढ़ा रही है।

जिले के विजयपुर क्षेत्र की ग्राम टेंटीखेड़ी एवं पालपुर की रहने वाली महिला श्रीमती सुशीला कुशवाह, श्रीमती गुड़िया योगी एवं श्रीमती त्रिवेणी कुशवाह अपने गावं में ही गठित समूहों की महिलाओं के सहयोग से समूह से हो रही आय में वृद्धि करने में सहायक बन रही है। तीनो महिलाओ ने बताया कि समूह से हमें प्रतिमाह 15 से 20 हजार रूपये की आय प्राप्त हो रही है। साथ ही कोरोना समय में मास्क, साबुन, सेनेटाईजर, पीपीई किट बनाकर बेचने का अवसर मिला है। जिसके कारण तीनो महिलाओं के पारिवारिक जीवन में बदलाव आया है। विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम चेंटीखेड़ा एवं पालपुर निवासी महिला श्रीमती सुशीला कुशवाह, श्रीमती गुड़िया योगी एवं श्रीमती त्रिवेणी कुशवाह ने बताया कि मप्रडे ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से गठित किये गये समूहो को जिला प्रशासन की निगरानी में संबल प्रदान किया जा रहा है। हम तीनो का समूह तरक्की कर परिवार की गाडी चलाने में साकार साबित हो रहा है।

### एक आदतन अपराधी को किया जिला बदर

**मुरैना।** जिला मजिस्ट्रेट मुरैना श्री अनुराग वर्मा ने पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया के प्रस्ताव पर एक आदतन अपराधी को जिला बदर किया है। इस आरोपी पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग वर्मा ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5,6 के प्रावधानों के अंतर्गत यह कार्यवाही की है। जिस आदतन अपराधी को जिला बदर किया है, उसमें ग्राम कोंथरखुर्द हाल पोरसा थाना पोरसा के दिनेश उर्फ मंगल पुत्र भगवान उर्फ नरेश तोमर शामिल है। इस आदतन अपराधी कि आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग वर्मा ने इस आदतन अपराधी को आदेशित किया है, कि वह जिला मुरैना एवं उसके निकटवर्ती जिले ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर एवं शिवपुरी की सीमा से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाये।

खुशियो की दास्ता

# कोरोना से निजात पाने की जानकारी देने में सहायक बन रहा है वन्या रेडियो

विनोद पाठक ब्यूरो चीफ

श्योपुर / आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासन की योजनाओ की जानकारी सहरिया समुदाय तक पहुंचाने के लिए वन्या रेडियो के माध्यम से निरंतर प्रयास किये जा रहे है। जिले के आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम सेसईपुरा में संचालित वन्या रेडियो के माध्यम से आदिवासी समाज को कोविड-19 संक्रमण की बीमारी से निजात दिलाने के लिए निरंतर समझाइश दी जा रही है। जिसके कारण वन्या रेडियो जानकारी देने में सहायक बन रहा है।

जिले के आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम सेंसईपुरा में वन्या रेडियो के माध्यम से 40 किलोमीटर की रेंज में बसे आदिवासी बाहुल्य ग्रामो में नोबल कोरोना वायरस सक्रमण कोविड-19 के बचाव की दिशा में निरंतर जानकारी दी जा रही है। साथ ही कोविड से बचावे के उपाय और तरीके आदिवासी समुदाय तक पहुचाये जा रहे है। इसके अलावा आदिवासी वर्ग के लोगों को शासन की जनहितेषी योजनाओं की जानकारी आदिवासी समुदाय की भाषा में प्रदान की जा रही है। इस




जानकारी को आदिवासी विकासखण्ड कराहल के सहरिया परिवार प्रतिदिन प्रातः 6.30 बजे से 11.30 तक शाम को 4.30 बजे से 9.30 बजे तक प्राप्त कर रहे है। वन्या रेडियो की फ्रिक्वेन्सी 90.8 मेगा हर्ट्स एफएम है। इसे शिवपुरी जिले के पोहरी एवं श्योपुर जिले की कराहल तहसील के लगभगत 40 ग्रामों में सुनने की सुविधा दी जा रही है। कलेक्टर श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों से वन्या रेडियों के माध्यम से कोविड-19 के बचाव के तरीको का प्रसारण आदिवासी बाहुल्य कराहल के 40 किलोमीटर की परधि में आने वाले परिवारो को देने की पहल की जा रही है। साथ ही कृषि दर्शन, बात पते की, डाक्टर से स्वास्थ्य परिचर्चा, जनजागरूकता हमारी विरासत, हमारी सम्पदा, क्षेत्रीय लोक गीत, बाल सभा एवं आजाद हिन्द कार्यक्रम के भी प्रसारण सहरिया समुदाय तक पहुंचाये जावे। साथ ही सहरिया समुदाय को जागरूक करने की दिशा में सामाजिक रीति-रिवाज, नशामुक्ति की भी जानकारी भी उपलब्ध कराई जावे। इस दिशा में आदिवासी विकासखण्ड कराहल के बीईओ एसपी भार्गव ने वन्या रेडियो के माध्यम से सहरिया जनसमुदाय के लिए सकारात्मक बदलाव की दिशा में वन्या रेडियो से जानकारी उपलब्ध कराने के प्रयास जारी है। जिले के आदिवासी विकासखण्ड कराहल क्षेत्र के ग्राम बाघ चकराना निवासी कान्या आदिवासी, सेंसईपुरा के चतुरी आदिवासी, मोरावन के रघुवीर आदिवासी, रानीपुरा के मुकेश आदिवासी ने बताया कि नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 से बचाव की जानकारी वन्या रेडियो के माध्यम से प्राप्त हो रही है। साथ ही शासन की योजनाओं की जानकारी लेने मे हम सहायक बन रहे है। यह वन्या रेडियो सहरिया परिवारो के लिए मददगार साबित हो रहा है।

## पोहरी में वोटरों को रिझाने के लिये उन्हीं की जातियों के बड़े नेतायों का सहारा

धीरज ओझा



**पोहरी बैराड़/** मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, उम्मीदवार चुनाव जीतने के लिए साम, दाम, दंड, भेद आदि सभी तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। जातियों के बड़े वोट बैंक को प्रभावित करने के लिए अब उनकी जातियों के बड़े नेताओं के दौरे एवं सभाएं करवाई जा रही हैं। हालांकि बड़े नेता कभी जातिवाद के आधार पर वोट देने की अपील नहीं करते, लेकिन उनकी सभाएं कराने का उद्देश्य यही है कि उनके समाज के वोटों को प्रभावित किया जा सके। अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज पोहरी विधानसभा सभा में दो बड़े नेताओं का दौरा हुआ जिनमें राजस्थान के कांग्रेस नेता सचिन पायलेट और भाजपा के गुना सांसद के पी सिंह यादव दोनों ने अपनी अपनी पार्टियों के प्रत्याशियों के लिये सभा की लेकिन दोनों नेता के पी सिंह यादव यादव समाज सेऔऱ सचिन पायलेट गुर्जर समाज से आते हैं औऱ इनकी सभाएं उन्हीं जगहों पर हुई जहां गुर्जर और यादव समाज के वोट अधिक मात्रा में निवास करते हैं सचिन पायलेट ने सतनवाड़ा और नरवर मैं सभा को सम्बोधित किया तो जहां गुर्जर समाज के काफी गांव लगे हुए हैं वहीं सांसद के पी यादव ने बेधारी अतबेई जाखनोद और पचीपुरा बैराड़ ककरई देवपुर भिडोली खरई डावर में नुक्कड़ सभा ली । ये वही गांव हैं जहां यादव समाज के ज्यादातर लोग निवास करते हैं जहां सभी जगह इनके समाज के लोगों द्वारा व अन्य समाज के लोगों ने भी जगह जगह स्वागत किया । इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पोहरी विधानसभा का उपचुनाव किस तरह जातिबाद में लीन है जहाँ विकास के मुद्दे तो लगभग गायब हो गए हैं ।

## गाजे बाजे के साथ माता को दी विदाई, निकले जवारे

**पिछोर।** नवरात्रि में नौ दिन पूजा अर्चना के बाद दुर्गा माता गाजे बाजे के साथ विदा किया और अगली बार



जल्दी आने की कामना की। कोरोना ने इस बार लोगों से कई त्यौहार छीन लिए लेकिन नवरात्रि में सरकार ने थोड़ी छूट देते हुए माता की झांकी लगाने की अनुमति दी जिसके बाद लोगों ने उत्साह के साथ माता की झांकी लगाई और नौ दिन पूजा अर्चना के बाद माता को विदा किया व अगली बार जल्दी आने की कामना की। बता दें कि पिछोर के लभेडा में भी भक्तों ने धूम धाम से माता रानी की सवारी को पूरे गांव में गाजे बाजे व रंग गुलाल उड़ाकर प्रभात फेरी निकालते हुए विसर्जन किया वहीं ग्राम में जगह जगह स्थापित माता के जवारे भी निकले जिसमें माताओं व बहनों ने कड़कती धूप में जवारों को सिर पर रखते हुए गांव में द्वार द्वार जाकर लोगों को दर्शन कराए एवं शाम ढलते ही चैक डैम में विसर्जन किया व नौ दिन व्रत रख रहे पंडाओं ने भी अपने अपने व्रत खोले। मुख्य रूप से मनीराम लोधी,नंदकिशोर लोधी,अजय कुमार लोधी,गोविंद सिंह लोधी, रानू लोधी, पुष्पेंद्र लोधी, लवकुश लोधी, सचिन पाल, इंदरसिंह जाटव, राजू जाटव, हरदयाल आदिवासी, राजू वंशकार, इंद्रपाल लोधी, संग्राम लोधी, सुरेन्द्र लोधी, रामकिशन लोधी,र ाजाभैया लोधी आदि भक्तों ने व्रत खोलकर माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया।

### मौसम परिवर्तन से स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़े

मुरैना। मुरैना राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं कोरोना-19 के स्वास्थ्य कार्यक्रम एन्वायरमेंट हेल्थ का गठन किया गया है। यह जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों के बारे में लोंगो को समझाईश दे रहा है। डॉ ए के गुप्ता सिविल सर्जन द्वारा बताया है कि मौसमी परिर्वतनों के कारण फैलने वाली बीमारियों को समय पर सूचना करने एवं बचाव संबंधी गतिविधियां कर वायु प्रदूषण हवा के ठोस कणों तरल बिंदु या गैस के रूप में मौजूद कणों के कारण होता है। ये प्राकृतिक या कृत्रिम हो सकते हैं। अतिसूक्ष्म कण नासिका या मुंह द्वारा श्वसन दौरान फेंफड़ों तक पहुंचते हैं। वहां से रक्त धमनियों में प्रवेश कर शरीर के विभिन्न भागों में पहुंचते हैं तथा दिल, फेंफड़े, दिमाग आदि को हानि पहुंचाते हैं।

### भाजपा के वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी



पाली. नरेश कुमार सिरवी . जिला परिषद एवं पंचायत समिति के चुनाव को लेकर भाजपा पाली जिले में मंडल स्तर पर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी. खोड मंडल अध्यक्ष. हुकम सिंह.खरोखडा. आईटी सेल भाजपा मंडल खोड. प्रभु सिंह राव वरिष्ठ भाजपा के कार्यकर्ता एवं समाजसेवी सोहन सिंह राजपुरोहित भोपाजी. रानी पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत.चाचोडी. पूर्व सरपंच प्रतिनिधि धनाराम सिरवी द्वारा बताया गया कि आगामी चुनाव को लेकर भाजपा जिला पदाधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी.जिला परिषद एवं पंचायत समिति के चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा को लेकर स्थानीय लाडले विधायक जोराराम कुमावत सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र भाजपा पाली जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार भाजपा जिला प्रतिनिधि मुकेश सिरवी एवं भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं मंडल के प्रभारियों के उपस्थिति में आगामी चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी. जिसमें नाडोल प्रभारी सुमित्रा राजपुरोहित जैतारण प्रभारी नारायण कुमावत रोहट प्रभारी चैन सिंह राजपुरोहित भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिलोक चौधरी एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष खीमा राम सिरवी महावीर सिंह.टेवाली.आदि सहित लगभग सभी भाजपा के जिला स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आगामी चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी .

## अम्बाह उप चुनाव को देखते हुऐ पुलिस ने निकाला पैदल फ्लैग मार्च...

### गुन्डे मबाली बदमाशो को कतई नहीं बक्सा जाबेगा ...पुनीत दीक्षित

केशब पडिंत जी अम्बाह



**अम्बाह।** आदर्श आचार्य सहिंता के दौरान अम्बाह में रोजाना पुलिस का पैदल फ्लैग मार्च निकाला जारहा है जिसमे आज सीआरपीएफ के जबान व अम्बाह उपनिरीक्षक पुनीत दीक्षित के द्ववारा शहर के गली मोहल्लों मे पैदल फ्लैग मार्च निकालते हुऐ आमजन को समाझाइस दी कि आगामी चुनाब को देखते हुऐ पुलिस की सभी पोलिंग बूथों पर पैनी नजर है चाहे शहर हो या ग्रामीण क्षैत्र गुन्डे मवाली बदमाशो व चुनाव मे दहसत फैलाने बालो को किसी भी हालात में बक्सा नही जाबेगा शान्ति प्रिय मतदान करे और अधिक से अधिक मतदान करे अगर बाहर से आया हुआ कोई सन्देही ब्यक्ति या शराब माफियॉ दिखे जो शराब का आदान प्रदान कर रहा हो तो पुलिस को 100 नम्बर डायल या 7049101040 पर सूचित करे आपका नाम गोपनीय रखा जाबेगा पुलिस प्रसाशन का सहयोग करें।



**युवाओं के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत जिला पुलिस रियासी द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम रियासी में आयोजित हुआ**

## पुलिस के शहीदों की याद में वॉलीबॉल टूर्नोमेंट का उद्घाटन

रघुवीर ठाकुर

**रियासी /** स्पोर्ट्स स्टेडियम रियासी में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत एसएसपी रियासी श्रीमती रश्मि वज़ीर जेकेपीएस ने वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जिसमें एडिशनल एसपी सुरजीत कुमार भगत डीएसपी हेड क्वार्टर इस्तकार अहमद एसएचओ रियासी सुमित शर्मा और रियासी के प्रमुख और सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति में टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। , इसके अलावा रियासी और आसपास के युवाओं ने वॉली बॉल टूर्नामेंट में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए श्रीमती रश्मि वज़ीर जेकेपीएस ने बहादुरी, साहस पर प्रकाश डाला। और शहीदों की वीरता और शहीद पुलिस कार्मिक को समृद्ध श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अपने जीवन की परवाह किए बिना हमारे शहीदों ने जम्मू-कश्मीर की शांति के लिए अपनी अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ी और कहा कि उन्होंने राष्ट्र की रक्षा और सुरक्षा करते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। और जम्मू-कश्मीर पुलिस हमारे जवानों पर गर्व करती है जो जम्मू-कश्मीर में जम्मू-कश्मीर में शांति और सद्भाव बनाए रखने में दिन-रात योगदान दे रहे हैं। पुलिस बल युवाओं को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रियासी पुलिस निकट भविष्य में अधिक खेल आयोजनों का आयोजन करेगी। रियासी जिले के युवाओं को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए एक मंच दिया जाएगा। रियासी शहर और इसके आस-पास के क्षेत्रों के युवाओं से ड्रग्स से दूर रहने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक रूप से प्रसारित करने का अनुरोध किया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली कुल 4 टीमें और फाइनल मैच तलवाड़ा टीम ने जीता। विजेता और उपविजेता टीमों के प्रतिभागियों को समापन समारोह के दौरान प्रमाण पत्र, गति और नकद पुरस्कारों के साथ पुरस्कृत किया गया।



## गरीबो के मसीहा पूर्व सरपंच का निधन

जितेंद्र सिंह परमार चीफ रिपोर्टर खेरागढ़

तहसील खेरागढ़ की राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले गांव गोरउ के पूर्व सरपंच राम प्रसाद परमार का कल दिन मंगलवार को सौ वर्ष की आयु में निधन हो गया वो गरीब लोग की सहायता में दिल चस्पी रखते थे

गाँव गोरऊ राजनीति में काफी समय बिताया

गरीबो की सबसे ज्यादा सहयता करते थे

बड़े ईमानदार थे

100 बर्ष की थी

पुत्र,जयपालसिंह परमार नेता जी

,ज्ञान सिंह परमार

भाई = पोखन सिंह, चोव सिंह

भतीजे, ओम प्रकाश, जगदीश सिंह, सी,पी सिंह प्रमुख खैरागढ़, रघुनाथ प्रधान जी नाती,,गजेद, शैलेन्द्र, पुष्पेद्र सिंह, जीतू, मौनू मकरंद हरिओम पातीं,, =शिवा,राजा परमार

## सीआरपीएफ दुर्गापुर द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान

अमन राय

दुर्गापुर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सतर्कता भारत समृद्ध भारत की शुरुआत की गई. श्री देवब्रता भट्टाचार्य पुलिस उपमहानिरीक्षक, दुर्गापुर के दवारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के महत्व के बारे में सभी को बताया की, केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों तथा सार्वजनिक क्षेत्रों में पारदशिता, ईमानदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है और सभी को भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. केन्द्रीय सतर्कता आयोग का मानना है कि गवर्नेंस में दक्षता एवं वस्तुनिष्ठता सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार दूर करने की कुंजी है इसके लिए



पारदर्शी, सुहढ़ प्रणाली तथा प्रक्रीयाए सुनिस्चित करनी होगी जो लोग-प्रशासन में हर स्तर पर उचित दायित्व प्रदान करें. उन्होंने यह भी बताया कि भ्रष्टाचार एक जटिल समस्या है जिससे लड़ने के लिए बहुपक्षीय कार्रवाई की आवश्यकता है. हमारे समाज में भ्रष्टाचार दूर करना न केवल वैधानिक दायित्व है बल्कि प्रत्येक भारतीय का नैतिक कर्तव्य भी है.एवं अंत में सभी अधिकारियों अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ली. इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह दिनांक 27/10/2020 से 02/11/2020 तक मनाया जाएगा जिससे अंतरर्गत ग्रुप केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, दुर्गापुर परिसर में विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन भी किया गया है।

एमपी उपचुनाव में आइटम के बाद चुन्नू-मुन्नू पर बवाल

# चुनाव आयोग ने कमलनाथ को दी नसीहत तो विजयवर्गीय से मांगा जवाब

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हैं। नेताओं के बीच जुबानी जंग इस कदर बढ़ गई है कि मामला चुनाव आयोग तक पहुंच गया है। कमलनाथ के आइटम बयान के बाद कैलाश विजयवर्गीय चुन्नू-मुन्नू वाली टिप्पणी पर चुनाव आयोग हरकत में आया है और नोटिस जारी किया है। एक ओर जहां कमलनाथ को चुनाव आयोग ने उनके बयान पर नसीहत दी है तो दूसरी ओर विजयवर्गीय को नोटिस जारीर कर जवाब देने को कहा है। चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा की महिला उम्मीदवार के खिलाफ आइटम शब्द का इस्तेमाल कर प्रचार के संबंध में उसके परामर्श का उल्लंघन किया। आयोग ने कांग्रेस नेता को आदर्श आचार संहिता की अवधि में सार्वजनिक तौर पर इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी। आयोग ने सोमवार को कांग्रेस नेता के खिलाफ आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया, आयोग मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को सलाह देता है कि आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान सार्वजनिक बातचीत के समय उन्हें इस तरह के शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए या



ऐसे बयान नहीं देना चाहिए। आयोग ने कहा कि कमलनाथ ने एक महिला के लिए आइटम शब्द का इस्तेमाल किया और यह आचार संहिता संबंधी आयोग द्वारा जारी परामर्श का उल्लंघन है। दरअसल, कमलनाथ ने कुछ दिन पहले एक चुनावी रैली में भाजपा उम्मीदवार इमरती देवी के खिलाफ कटाक्ष करते हुए यह टिप्पणी की थी जिसके बाद चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस जारी किया था। सत्तारूढ़ पार्टी ने कमलनाथ की इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। प्रदेश भाजपा की शिकायत और राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा इसका संदर्भ दिए जाने के बाद चुनाव आयोग ने कमलनाथ को नोटिस जारी किया था।

वहीं, चुनाव आयोग ने सोमवार को भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय को कांग्रेस नेताओं दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के खिलाफ उनकी कथित चुन्नू-मुन्नू वाली टिप्पणी के लिए नोटिस जारी किया और अगले 48 घंटे में जवाब देने को कहा। नोटिस के अनुसार, इंदौर के सांवेर में 14 अक्टूबर को एक चुनावी सभा में दोनों कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दिया गया बयान आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला पाया गया है। नोटिस मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट पर आधारित है। नोटिस में कहा गया, आयोग आपको उक्त कथित बयान पर नोटिस प्राप्त होने के 48 घंटे के भीतर आपका रुख स्पष्ट करने के लिए अवसर प्रदान करता है। ऐसा नहीं होने पर भारत निर्वाचन आयोग आगे आपको कोई सूचना दिये बिना निर्णय लेगा। मध्य प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों के लिए तीन नवंबर को उपचुनाव होने हैं और प्रचार चल रहा है।



## कोरोना वायरस के 720 नए मामले, 5 और लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 720 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही प्रदेश में इस वायरस से अब तक संक्रमित पाये गए लोगों की कुल संख्या 1,67,969 तक पहुंच गई है। राज्य में पिछले 24 घंटों में इस बीमारी से पांच और व्यक्तियों की मौत की पुष्टि हुई है जिससे मरने वालों की संख्या 2,890 हो गई है। मध्य प्रदेश के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से इन्दौर में दो तथा सागर, छिंदवाड़ा एवं दमोह में एक-एक मरीज की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया, राज्य में अब तक कोरोना वायरस से सबसे अधिक 679 मौत इंदौर में हुई हैं, जबकि भोपाल में 469, उज्जैन में 97, सागर में 120, जबलपुर में 198 एवं ग्वालियर में 158 लोगों की मौत हुई हैं। बाकी मौतें अन्य जिलों में हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में सोमवार को कोविड-19 के 142 नए मामले इंदौर जिले में आए हैं, जबकि भोपाल में 167 एवं जबलपुर में 53 नये मामले आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 1,67,969 संक्रमितों में से अब तक 1,54,222 मरीज स्वस्थ होकर घर चले गये हैं और 10,857 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार को 1,095 रोगियों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

मप्र: पूर्व सीएम कमलनाथ बोले-

## उपचुनाव में हार देख सौदेबाजी पर उतरी बीजेपी

**भोपाल।** कांग्रेस के एक और विधायक के भाजपा में शामिल होने के एक दिन बाद मध्य प्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने सोमवार को भगवा संगठन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा उपचुनावों में अपनी आसन्न पराजय को देखते हुए भाजपा 'सौदेबाजी' पर उतर आई है और विधायकों को लुभा रही है। ज्ञातव्य है कि रविवार को दमोह से कांग्रेस विधायक राहुल लोधी विधानसभा से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस से उनका इस्तीफा 3 नवंबर को 28 विधानसभा सीटों पर होनेवाले उपचुनावों के मतदान से पहले आया है। भाजपा को 10 नवंबर को आने वाले परिणाम का अनुमान है, इसलिए भाजपा परिणाम का इंतजार नहीं कर रही है और सौदेबाजी का खेल शुरू कर दिया है। कमलनाथ ने संवाददाताओं से कहा कि अब उनके पास केवल यही एक विकल्प बचा है। मुझे कई कांग्रेस विधायकों के फोन आ रहे हैं, जिसमें वे बताते हैं कि किस तरह भाजपा उन्हें लुभा रही है और पैसे की पेशकश कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश का मतदाता बहुत सरल और सीधा है, लेकिन राजनीतिक रूप से बहुत जागरूक है। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है। लेकिन यह सौदेबाजी का उत्सव बन गया है। मैं ऐसी राजनीति में विश्वास नहीं करता, विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि मैंने आज चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि निचले स्तर के सरकारी कर्मचारियों पर भाजपा के पक्ष में काम करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। नाथ ने कहा कि भाजपा जानती है कि उसे उपचुनावों में अपनी सरकार को बचाने के लिए नंबर नहीं मिल रहे हैं इसलिए उसने कांग्रेस विधायकों को लालच देना शुरू कर दिया है। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि नाथ अपनी पार्टी का प्रबंधन करने में सक्षम नहीं हैं।

बंद कार में हेडफोन लगाकर सुन रहे थे गाने

## दम घुटने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक बहुत ही दर्दनाक हादसा सामने आया है। घर के बाहर खड़ी बंद कार में हेडफोन लगाकर गाना सुन रहे दो युवकों में से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया और दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस अंदाजा लगा रही है कि कार के कांच लगे हुए थे, इसलिए ऑक्सीजन की कमी के कारण हादसा हुआ होगा।

जहांगीरिया क्षेत्र में रहने वाला 22 वर्षीय फैजल खान इलेक्ट्रिक फिटिंग का काम करता था। थाना इंचार्ज प्रफुल्ल श्रीवास्तव के मुताबिक शनिवार रात करीब 11



बजे फैजल अपने पड़ोस में रहने वाले दोस्त अल्तमश के साथ था। कुछ देर खड़े रहने के बाद दोनों घर के बाहर खड़ी मारुति कार में बैठ गए। कार पर डस्ट कवर डला था और कांच भी लगे थे। कार के अंदर दोनों हेडफोन लगाकर गाने सुन रहे थे। अचानक दोनों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। तबीयत बिगड़ते देख परिजन उन्हें पास के अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने फैजल को मृत घोषित कर दिया, जबकि अल्तमश की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना इंचार्ज का अंदाजा है कि ऐसा कार में हुई ऑक्सीजन की कमी के कारण हुआ होगा। कार के कांच लगे थे और अंदर हवा का दबाव घट गया होगा। फैजल का पोस्टमार्टम करवाया गया है, ताकि मौत की असल वजह स्पष्ट हो सके।



## भाजपा ने नहीं, कांग्रेस के ही विधायकों ने कांग्रेस की सरकार गिराई: उमा भारती

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में होने वाले उपचुनाव के लिए सागर की सुरखी विधानसभा में प्रचार करने पहुंची मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कभी भी किसी भी पार्टी के विधायक को तोड़ने की बात नहीं करती। सच्चाई तो यह है कि यहां कांग्रेस की सरकार बन गई इस पर कांग्रेस के ही नेताओं को भरोसा नहीं हुआ कि वह मुख्यमंत्री बन गए हैं या उनकी सरकार बन गई है। चूंकि लहर यही थी कि यहां भाजपा की ही सरकार बनेगी और शिवराज जी मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन कोई हल्की-फुल्की चूक हो गई कि वोट हमें ज्यादा मिले और सीटें उनकी ज्यादा हो गईं। कमलनाथ जी ने इतने वादे कर दिए थे जनता से, क्योंकि उन्हें विश्वास ही नहीं था कि चुनाव जीतना है। उन्हें तो लगा की सीटें बढ़ाने के लिए हर बात में हां कर दो। इसलिए इतने वादे कर रखे थे जनता से कि जब सरकार बनी और वादे पूरे नहीं हुए तो विधायकों को जनता का सामना करना मुश्किल हो गया। मंत्रियों को जनता का सामना करना मुश्किल हो गया। इसलिए ज्योतिरादित्य जी को कहना पड़ा कि मुझे सड़क पर आकर संघर्ष करना होगा। तब कमलनाथ जी ने कहा कि ठीक है तो सड़क पर आकर संघर्ष करो। तब ज्योतिरादित्य ने फैसला किया कि भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। उमा भारती ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायक को एक दिक्कत हो रही थी और वह दिक्कत थी कि लोगों से किए वादे पूरे नहीं हो रहे थे। किसानों से जो वादे किए गए, वह पूरे नहीं हुए। लोग कांग्रेस के विधायकों और मंत्रियों के सामने खड़े हो रहे थे और कह रहे थे कि वादे पूरे करवाइए। ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की सरकार नहीं गिराई बल्कि कांग्रेस के ही विधायकों ने कांग्रेस की सरकार गिराई है।

## भाजपा नेता के बेटे के बर्थडे पार्टी में फायरिंग, भोजपुरी सिंगर को लगी गोली



**बलिया।** बलिया के गड़वार थाना क्षेत्र के महाकरपुर गांव में बर्थ-डे पार्टी के जश्न में जमकर फायरिंग हुई। इसी दौरान चली एक गोली मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे भोजपुरी लोकगायक व अभिनेता गोलू राजा के दाहिने हाथ मे लग गयी। लोग उन्हें लेकर इलाज के लिए पहले मऊ और फिर बक्सर (बिहार) चले गए। गोलू को खतरे से बाहर बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गयी। फिलहाल कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। बताया जाता है कि गांव में भाजपा के एक नेता के बेटे का जन्मदिन था। खाने-पीने के दौर के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शुरू हुआ। इसमें लोक गायक गोलू राजा व गायिका निशा उपाध्याय गीत प्रस्तुत कर रहे थे। इसी दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गयी। एक गोली गायक गोलू राजा की बांह में लगी। वे मंच से कूदकर नीचे भागे। मौके पर अफरातफरी मच गई। अन्य कलाकार सुरक्षित बच गए। इस बाबत गड़वार थानाध्यक्ष अनिल चंद तिवारी ने बताया कि एक जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में हुई फायरिंग में किसी गायक को गोली लगने की सूचना है। गायक से सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया है। जांच की जा रही है। दोषी पर कड़ी कार्रवाई होगी। करीब 22 वर्षीय गोलू राजा बिहार के नवाडीह थाना क्षेत्र के सिगरहटा गांव के रहने वाले हैं। उपचार बक्सर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। साथ में मौजूद गोलू के भांजा सत्यजीत ने बताया कि गोली अभी शरीर में ही हैंम एक्स-रे हुआ है। रिपोर्ट आने के बाद ऑपरेशन आदि की प्रक्रिया होगी।




## यूपी: 112 ने साल भर में 56.36 लाख लोगों तक पहुंचाई सहायता

**लखनऊ।** अपने एक साल के सफर में यूपी 112 ने बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों सहित समाज के हर आयु और वर्ग के लोगों के लिए योजनाएं शुरू करते हुए 56.36 लाख लोगों तक सहायता पहुंचाई। पिछले वर्ष 26 अक्टूबर के ही दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डायल 100 से यूपी 112 की शुरुआत की थी। इस सफर में यूपी 112 का 1090, 181 व उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के साथ एकीकरण हुआ। दूसरी सरकारी एजेंसियों के साथ एकीकरण के बाद 112 के माध्यम से मदद का दायरा भी बढ़ गया। अब इस एक नंबर (112) पर कॉल कर के प्रदेश के 24 करोड़ लोग विभिन्न तरह की योजनाओं व सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। समाज के हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए 112 की ओर से कई तरह की सेवाएं शुरू की गईं। इसमें महिला पीआरवी, महिला एस्कॉर्ट, बुजुर्गों के लिए सवेरा योजना व घरेलू हिंसा का शिकार महिलाओं का पंजीकरण प्रमुख हैं। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश भर में 300 महिला पीआरवी संचालित की जा रही है। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक अकेली महिला को सुरक्षित आवागमन के लिए महिला एस्कॉर्ट की सुविधा शुरू की गई है। सवेरा योजना के तहत प्रदेश भर में 7 लाख बुजुर्गों का पंजीकरण किया गया है। पंजीकृत बुजुर्ग 112 को कॉल कर के कई तरह की सहायता ले रहे हैं। इसी तरह यूपी 112 ने लॉक डाउन के समय 6.57 लाख लोगों तक मानवीय राहत पहुंचाई। इस कार्य में प्रशासन ने 112 का पूरा सहयोग किया।

**प्रतिष्ठानों के अलार्म से जुड़ेगा 112**-एडीजी 112 असीम अरुण ने बताया कि प्रदेश में उद्यमियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए लिंक सेवा शुरू जा रही है। इसके तहत पंजीकृत प्रतिष्ठानों का अलार्म सिस्टम 112 से जोड़ा जा रहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मदद पहुचाई जा सके। लिंक सेवा के पायलट प्रोजेक्ट का सफल परिक्षण किया जा चुका है। इसके अलावा इमरजेंसी नंबर 1070 के साथ एकीकरण का काम भी चल रहा है।

## कानपुर: रोड़ पर खड़े खराब ट्रक को पीछे से से दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर, चालक मरा

कानपुर। कानपुर देहात के डेरापुर थाने के बिहारी गांव के पास हाईवे किनारे ढाबे के सामने खड़े खराब ट्रक में पीछे से दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से खराब ट्रक को ठीक करने का प्रयास कर रहे चालक की कुचलने से मौत हो गई। ढाबे के सामने सोमवार देर रात एक ट्रक खराब हो गया था। उसका चालक ककवन, कानपुर का कुलदीप यादव उसे ठीक कर रहा था। इसी बीच पीछे से आए दूसरे ट्रक की टक्कर लगने से वह अचानक आग बढ़े अपने ही ट्रक की चपेट में आकर से बूरी तरह कुचल गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों ट्रकों को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम को भेजा। उन्होंने बताया कि मृतक चालक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने व परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कारवाई होगी।

## सीतापुर : मेला देखकर लौट रहा युवक नहर में गिरा, मौत

**सीतापुर।** सीतपुर में मछरेहटा कस्बे में मेला देखकर घर लौट रहा युवक बाइक सहित नहर में गिर गया। पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। सोमवार देर रात हुए हादसे के बाद शव को मंगलवार तड़के गहरे पानी से निकाला जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की। मछरेहटा थाना क्षेत्र के शुक्लापुर गांव का अखिलेश (30) पुत्र तौलेराम मछरेहटा कस्बे में सोमवार शाम मेला देखने के लिए आया था। बताते हैं कि मेले में युवक देर रात तक रुका। रात करीब साढ़े बारह बजे ग्रामीण अपनी मोटर साइकिल से घर की ओर चल दिया। संपर्क मार्ग पर वाहन सवार बारासेनी पुलिया के करीब पहुंचा। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित हो गया और युवक अपनी बाइक सहित नहर में गिर गया। पीछे से आ रहे लोगों ने देखा तो चीख पुकार मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी और युवक को गहरे पानी से निकालने के प्रयास किए। पीछे से परिवार के लोग भी आ पहुंचे। गहरे पानी में निजी गोताखोरों की मदद से मंगलवार करीब साढ़े तीन बजे बाइक और अखिलेश दोनों को निकाला जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की।

राज्यसभा इलेक्शन

## बीजेपी ने फिर साधे सियासी समीकरण, दलितों को दिया संदेश

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम तय करने के साथ ही वर्ष 2022 के लिए साफ संदेश दे दिया है। संदेश है-संगठन सर्वोपरि, पार्टी के प्रति समर्पण और जातीय समीकरण भी सफलता के लिए जरूरी है। आठ उम्मीदवारों में से पांच पार्टी व संगठन के पुराने निष्ठावान हैं। भाजपा ने जो आठ उम्मीदवारों के नाम तय किए हैं, उनसे तो यही संदेश है कि जातीय समीकरण के साथ ही पार्टी पदाधिकारी और पार्टी के प्रति बिना किसी महत्वाकांक्षा के काम करने को महत्व मिलना तय है। पार्टी ने आठ उम्मीदवारों में दो ब्राह्मण जौनपुर की सीमा द्विवेदी और हरिद्वार दुबे, दो ओबीसी गीता शाक्य और बीएल वर्मा और दो क्षत्रिय नीरज शेखर व अरुण सिंह को उम्मीदवार बनाकर संदेश दे दिया है कि चुनावों में जीत के लिए जातीय समीकरण जरूरी है। सीमा द्विवेदी और हरिद्वार दुबे लंबे समय से पार्टी व संगठन से जुड़े रहे। वहीं हरिद्वार दुबे भी पूर्व मंत्री व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रहे। ब्राह्मणों के नामों का चयन कर पार्टी ने लागातार हमलावर रहे



विपक्ष को जवाब देने की कोशिश की है। वहीं हाल के दिनों में कुछ घटनाओं के कारण सुर्खियों में आए बलिया के दो बाशिंदों का चयन कर पूर्वांचल को भी संदेश देने की कोशिश की है। हरिद्वार दुबे मूलत- बलिया के निवासी हैं। वहीं क्षत्रिय नीरज शेखर के साथ हरिद्वार दुबे को उम्मीदवार बना कर पूरे पूर्वांचल में ब्राह्मण-क्षत्रिय राजनीति को साधने की कोशिश की है।

**बृजलाल रहे सबसे चर्चित चेहरे**-बसपा सरकार में डीजीपी रहे बृजलाल उम्मीदवारों में सबसे चौंकाने वाला नाम रहा। पार्टी के बड़े पदाधिकारी ने कहा कि उनकी सेवाकाल में कानून के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और सेवा से निवृत्त होने के बाद पार्टी से जुड़ाव को महत्व दिया गया। पार्टी ने उन्हें वर्ष 2015 से जो भी काम दिया, उन्होंने बखूबी अंजाम दिया। विभिन्न प्रकरणों में उन्हें जांच के लिए भेजा गया। समय-समय पर दलितों को लेकर पार्टी पर हुए हमले पर वे पार्टी के लिए कवच के रूप में खड़े हुए। वे 30 नवंबर 2014 को रिटायर हुए थे और एक महीने बाद 21 जनवरी 2015 को उन्होंने भाजपा की सदस्या ली थी।

**ओबीसी पर भी फोकस**-पार्टी ने ओबीसी समीकरण को भी साधने की पूरी कोशिश की है। बीएल वर्मा जो यूपी सिडको के अध्यक्ष थे और लोध जाति से हैं, उन्हें लंबे समय से पार्टी से जुड़े रहने का लाभ दिया गया है। वहीं औरैया की गीता शाक्य को भी ओबीसी समीकरण में उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने दोनों को टिकट देकर साफ कर दिया है कि ओबीसी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण थे और रहेंगे।

संपादकीय

## सरकार का आश्वासन

सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने जो कहा, उससे यह मान लिया जाना चाहिए कि जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या को सुलझाने के गंभीर प्रयास होते दिखाई देंगे। सरकार ने कहा है कि इस क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए वह एक विधिक संस्था की स्थापना दो-तीन दिन में ही कर देगी। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने रिटायर्ड न्यायधीश मदन बी लोकुर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी, जिसे पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों द्वारा पराली जलाने के इस क्षेत्र पर पड़ने वाले असर की जांच और उसे रोकने के तरीके सुझाने थे। अदालत में केंद्र सरकार ने जो तर्क दिया, वह पिछले कई दिनों से दोहराया जा रहा था। उसने कहा कि पराली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रदूषण का सिर्फ एक कारक है और असल समस्या कहीं ज्यादा बड़ी है, इसलिए एक ऐसी स्थाई संस्था की जरूरत है, जो इसके सभी पक्षों पर एक साथ काम करे। अदालत ने इस तर्क को समझा और जस्टिस लोकुर की अध्यक्षता वाली समिति का समापन कर दिया। यानी अब केंद्र सरकार को इसके लिए सिर्फ संस्था बनाने का काम ही नहीं करना होगा, इसके भी पूरे प्रावधान करने होंगे कि दिल्ली और आस-पास के इलाके को हर साल इस मौसम में बन जाने वाले दमघोंटू माहौल से मुक्ति मिल सके। यह ठीक है कि पराली जलाने की बात को इन दिनों कुछ ज्यादा ही महत्व दे दिया जाता है, जबकि पूरे प्रदूषण में उसकी हिस्सेदारी बहुत नहीं है। अगर किसान पराली जलाना पूरी तरह से बंद कर दें, तो भी इस क्षेत्र की समस्या पर बहुत असर नहीं पड़ने वाला। सच यह भी है कि इस मौसम में हर साल जब यहां प्रदूषण बढ़ना शुरू होता है, तब दिल्ली की कई संस्थाओं और स्थानीय नेताओं के लिए सबसे सुविधाजनक यही होता है कि वे दूसरे प्रदेशों के किसानों के मत्थे आरोप मढ़कर अपन कर्तव्य पूरा मान लें। लेकिन इस सबके बावजूद धान या गेंहू की पराली जलाने को स्वीकार्य नहीं किया जाना चाहिए। अगर इसका धुंआ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को प्रदूषित नहीं भी कर रहा होता, तो भी स्थानीय स्तर पर इसका फैलना, स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर और सबसे बड़ी बात है कि ग्लोबल वार्मिंग के दौर में इससे होने वाला कार्बन उत्सर्जन, इन सब चीजों को किसी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसलिए इसका समाधान निकाला जाना जरूरी है, ऐसा समाधान जो पहले से ही आर्थिक संकटों में फंसे किसानों पर किसी भी तरह का अर्थिक दबाव न बनाए। हालांकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्तर पर इसके जो समाधान निकाले जाने हैं, वे इससे भी आसान होंगे, बशर्ते कि इस क्षेत्र की सरकारें इसके लिए प्रतिबद्धता दिखाएं। अभी दो दिन पहले ही जब अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हो रही बहस के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की हवा को गंदा कहा, तो हम सभी को बुरा लगा था, लेकिन तीन दिन बाद ही जब पूरा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र इस प्रदूषण से हर साल की तरह त्रस्त हो रहा था, तो अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पांपियो और रक्षा मंत्री मार्क इस्पर, दोनों देशों की महत्वपूर्ण वार्ता के लिए दिल्ली पधारे। जरा सोचिए कि वे अपने साथ दिल्ली की हवा की कौन सी छवि लेकर जाएंगे।

# संयुक्त राष्ट्र के पुनर्गठन की जरूरत

राजू पांडेय

अनेक ताकतवर देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित प्रस्तावों के प्रतिकूल कार्य कर उनका निरादर करते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन करने और इनका उपयोग अपने हित में करने की प्रवृत्ति भी महाशक्तियों में देखी जाती है। अनेक ताकतवर देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित प्रस्तावों के प्रतिकूल कार्य कर उनका निरादर करते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन करने और इनका उपयोग अपने हित में करने की प्रवृत्ति भी महाशक्तियों में देखी जाती है। परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद भी अमेरिका समेत सभी ताकतवर देशों के पास न केवल परमाणु हथियार हैं, बल्कि उन पर नए परमाणु हथियारों को विकसित करने के आरोप भी समय-समय पर लगते रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने अपने पचहत्तर वर्ष पूरे कर लिए। काफी समय से इस संस्था में कुछ मूलभूत बदलावों की आवश्यकता महसूस की जाती रही है। पिछले माह हमारे प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के पचहत्तरवें अधिवेशन को संबोधित करते हुए इसके वर्तमान स्वरूप और कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाए। उनके संबोधन के बाद संयुक्त राष्ट्र में बदलाव की मांग जोर पकड़ने लगी है। संयुक्त राष्ट्र का गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की परिस्थितियों में सामूहिक सुरक्षा और शांति की स्थापना के मकसद से हुआ था। संयुक्त राष्ट्र के आलोचक मानते हैं कि 1945 से आज तक- जब अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच संघर्ष जारी है- संयुक्त राष्ट्र इस लक्ष्य की प्राप्ति में अनेक बार पूर्णतः विफल रहा है। अपनी स्थापना के पहले पैंतालीस वर्षों में संयुक्त राष्ट्र को महाशक्तियों के पारस्परिक अविश्वास और शत्रुता जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा विएतनाम, ग्रेनेडा और पनामा पर आक्रमण किया गया। इसी प्रकार सोवियत संघ ने हंगरी, चेकोस्लोवाकिया और अफगानिस्तान में सैन्य हमले और हस्तक्षेप किए।

विशेषज्ञों का एक बड़ा समूह मानता है कि शक्तिशाली राष्ट्र अपनी ताकत बढ़ाने और अपने राष्ट्रीय हितों की सिद्धि के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का इस्तेमाल करते हैं। कई उदाहरणों से जाहिर है कि जब अमेरिका जैसी महाशक्तियों का हित जुड़ा हुआ था तब विवादों के निपटारे और शांति की स्थापना के लिए यूएन ज्यादा सक्रिय रहा और उसके प्रयासों को कामयाबी भी मिली। पर जब अन्य सदस्यों के हित इन विवादों से जुड़े हुए थे तो संयुक्त राष्ट्र की वैसी रुचि या सक्रियता नहीं दिखी। द्वितीय विश्वयुद्ध के विजेताओं- अमेरिका, रूस, फ्रांस, ब्रिटेन और चीन- को बिना किसी प्रजातांत्रिक प्रक्रिया के दी गई वीटो शक्ति का दुरुपयोग इन ताकतवर देशों द्वारा अपने राष्ट्रीय हितों की सिद्धि के लिए खुल कर किया गया। जुलाई 2020 तक स्थिति यह थी कि पूर्व सोवियत संघ और आज के रूस ने एक सौ सोलह बार, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इक्यासी बार, यूनाइटेड किंगडम ने उनतीस बार और फ्रांस तथा चीन ने सोलह-सोलह बार वीटो पावर का इस्तेमाल किया था। इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की गैर-लोकतांत्रिक




संरचना और कार्यप्रणाली संयुक्त राष्ट्र की नाकामी का एक प्रमुख कारण रही है। इसकी सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य अपनी शक्तिशाली स्थिति का दुरुपयोग यूएन के ऐसे निर्णयों के क्रियान्वयन में बाधा डालने के लिए करते रहे हैं, जो उनके राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल हैं, भले ये निर्णय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और समरसता की स्थापना में सहायक क्यों न हों। अब जब प्रत्यक्ष पारंपरिक युद्ध के बजाय प्रॉक्सी वार का युग आ चुका है, तब यूएन के लिए शांति स्थापित करना और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। अब ताकतवर देश अपने राजनीतिक-सामरिक-व्यापारिक हितों की सिद्धि के लिए अनेक छोटे देशों में राजनीतिक अस्थिरता, सत्ता परिवर्तन, तानाशाही और वर्ग संघर्ष, गृहयुद्ध तथा हिंसा को बढ़ावा देते देखे जाते हैं। छद्म युद्ध में संबंधित पक्षों की प्रतिबद्धता, उनकी असली प्राथमिकता और उनके वास्तविक चरित्र को समझ पाना कठिन होता है, इस कारण शांति प्रक्रिया की सफलता भी संदिग्ध होती है। विभिन्न देशों में चल रहे हिंसक संघर्षों में आतंकवादियों की सक्रिय भूमिका देखी गई है और इसी कारण यूएन के शांति अभियान अब और अधिक चुनौतीपूर्ण और खतरनाक हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के अनुसार, शांति रक्षक दल के सदस्य और सैनिक आतंकवाद से मुकाबला करने में प्रायः दक्ष नहीं होते। यही कारण है कि ये आतंकवादियों का निशाना बनते हैं और इनकी बर्बर हत्याएं भी हो रही हैं। इन शांति अभियानों के औचित्य और इन अभियानों के लिए अंशदान को लेकर अलग-अलग देशों का रवैया भिन्न-भिन्न रहा है।

खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप यूएन को दिए जाने वाले अंशदान को लेकर अत्यंत अनुदार रहे हैं। उन्होंने इसमें भारी कटौती भी की है। स्थिति यह है कि यूएन विभिन्न शांति अभियानों में हिस्सेदारी करने वाले विभिन्न देशों के शांति सैनिकों को उनके देश के साथ किए गए अनुबंध के आधार पर भुगतान करने में भी स्वयं को असमर्थ पा रहा है। हाल के दिनों में यूएन विश्व के विभिन्न देशों में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों की रक्षा में नाकाम रहा है। इराक और सीरिया में आइएसआइएस के आतंकियों के बर्बर अत्याचारों से धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए यूएन की कोशिशें नाकाफी थीं। म्यांमा में रोहिंग्या मुसलमानों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार को रोकने में भी यूएन विफल रहा।

यमन में मानवाधिकारों के उल्लंघन तथा स्त्रियों और बच्चों पर हो रहे अत्याचारों के विषय में संयुक्त राष्ट्र अपेक्षित कठोरता नहीं दिखा पाया। सार्वभौमिक समानता के आदर्श के ठीक विपरीत यूएन में छोटे, निर्धन और निर्बल देशों के लिए अपनी सुरक्षा और विकास से संबंधित मामलों को उठाने के अवसर नहीं के बराबर हैं। इन देशों की समस्याओं पर तभी चर्चा होती है जब महाशक्तियों के हित इनसे जुड़े होते हैं। अनेक ताकतवर देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित प्रस्तावों के प्रतिकूल कार्य कर उनका निरादर करते रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन करने और इनका उपयोग अपने हित में करने की प्रवृत्ति भी महाशक्तियों में देखी जाती है। परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद भी अमेरिका समेत सभी ताकतवर देशों के पास न केवल परमाणु हथियार हैं, बल्कि उन पर नए परमाणु हथियारों को विकसित करने के आरोप भी समय-समय पर लगते रहे हैं। अमेरिका परमाणु अप्रसार संधि के आधार पर ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने की वकालत कर रहा है, जबकि खुद उसके पास परमाणु हथियारों का बड़ा जखीरा है। इजराइल के परमाणु हथियारों के संबंध में अमेरिका और यूएन वैसी तत्परता नहीं दिखाते जैसी ईरान के विषय में दिखाई गई।

संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को स्वतंत्रता होती है कि वे किसी भी ज्वलंत मुद्दे पर यूएन में चर्चा कर सकते हैं, पर इस आजादी का दुरुपयोग अनेक देश करते रहे हैं और अपने राजनीतिक स्वार्थ की सिद्धि के लिए ऐसे मुद्दों को उठाते रहे हैं जिनका यूएन से कोई संबंध नहीं होता। पाकिस्तान ऐसे देशों में अग्रणी है जो यूएन में भारत के आंतरिक मामलों पर गैरजरूरी और गैरजिम्मेदार टिप्पणियां निरंतर करता रहा है।

इसके बावजूद संयुक्त राष्ट्र के अनेक समर्थक इस ओर ध्यान दिलाते हैं कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद यूएनओ ने विभिन्न देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई और नब्बे के दशक के मध्य में विभिन्न देशों के बीच तनाव कम करने और युद्ध टालने में इसका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों की भूमिका की भी अनेक बार प्रशंसा हुई है। इसके शांति अभियान महज हिंसा और संघर्ष टालने तक सीमित नहीं रहे हैं, बल्कि इन्होंने अनेक देशों में तानाशाही से प्रजातंत्र की ओर बढ़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों ने युद्ध, हिंसा और अराजकता के काल में पीड़ित मानवता की सेवा की है। यूएन प्रजातांत्रिक समाज और शासन व्यवस्था को बढ़ावा देता रहा है। स्वास्थ्य तथा शिक्षा की बेहतर और जवाबदेह व्यवस्था तथा मानवाधिकारों का संरक्षण और पर्यावरण हितैषी जीवन शैली जैसी विशेषताएं सहज रूप से जुड़ी हुई होती हैं।

विजयादशमी

# रावण रूपी बुराइयों के अंत से ही सम्भव है रामराज्य

नरेंद्र तिवारी 'एडवोकेट

रामराज्य को स्थापित करने के प्रयास सदियों से जारी है,और कितनी सदियों तक चलते रहेंगे कहा नही जा सकता है। राम राज्य का यह लक्ष्य समाज को बुराई से मुक्त कर ही प्राप्त किया जा सकता है। क्या वर्तमान समाज बुराइयों से मुक्त नजर आ रहा है? समाज से बुराई को खत्म करने के यह प्रयास निरंतर जारी रखने होंगे इसके लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। इन रावण रूपी बुराईयों का अंत रामरूपी संस्कारो से ही सम्भव है। हमारा वर्तमान समाज अनेकों बुराइयों से ग्रसित है, जिसमें भ्रष्टाचार, जातिवाद, साम्प्रदायिकता, नशाखोरी, महिला उत्पीड़न आदि ऐसी बुराइयां है जो लगातार बढ़ रही है,हमारे समाज को कमजोर भी कर रही है।इन बुराइयों को समाज से समाप्त करना ही रामराज्य की स्थापना की दिशा में उठाए गए साकार कदम हो सकते है। भ्रष्टाचार वर्तमान दौर की सबसे बड़ी बुराई है, जिसका अर्थ भ्रष्ट आचरण से है, भारतीय समाज मे सरकारी और राजनैतिक भ्रष्टाचार चिंता का विषय है।

जिसने हमारे देश के विकास को भी प्रभावित किया है, आमतौर पर सरकारी भ्रष्टाचार लोकसेवकों द्वारा धन की लालसा में किये गए नियम विरुद्ध कार्यो का किया जाना होता है। जिसके कारण पात्र व्यक्ति उन सुविधाओ का लाभ नही ले पाता जिसका वह वास्तविक हकदार होता है, सरकारी नोकरी में रुपयों की लालच प्रतिभाओं की उपेक्षा ओर अपात्रों का चयन इसका उदाहरण है। इसी तरह पुलिस का कार्य अपराधियो को पकड़ना है, इसके विपरीत रुपये की लालच में चोर, लुटेरे, गुंडों को पुलिस का संरक्षण मिल जाता है, जिससे आपराधिक प्रवृत्तियों को बढ़ने में



सदियों से बुराई के रावण रूपी पुतले को जलाने का जतन किया जाता रहा है, किन्तु हर बार रावणरूपी बुराई का यह पुतला अपना आकार बढ़ाते जा रहा है, इसकी ऊंचाई बढ़ती जा रही है और इसका प्रभाव भी बढ़ता जा रहा है, समाज मे रावण रूपी बुराई के शमन का यह प्रयास सदियों से जारी है और सदियों तक चलता भी रहेगा। यह तब तक जारी रहेगा जब तक बुराई पूरी तरह पराजित नही हो जाती। रामराज्य की कल्पना बुराई के पूर्णत अंत की कल्पना ही तो है। क्या वर्तमान समाज रामराज्य के अनुकूल है? क्या रावण रूपी बुराई से समाज पूरी तरह मुक्त हो गया है? कब होगी असली रामराज्य के स्थापना की कल्पना साकार।

सहायता मिलती है। पुलिस के इस आचरण से अपराधियो के हौसले बुलंद होते है और आमजन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है। पिछले दिनों एक आरटीओ अधिकारी का अपने मातहत से लिफाफे प्राप्त करते हुए वीडियो सोश्यल मीडिया पर वायरल हुआ था,यह लिफाफे अयोग्य वाहनों के संचालन के बतौर ही प्राप्त हो सकते है। इसी तरह राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार भी समाज मे प्रमुख बुराई बन चुकी है,नेताओ द्वारा सत्ता का प्रयोग निजी लाभ के लिए किया जाना और जनहित के विषयों की अनदेखी करना,सरकारी निमार्णों में रिश्वत प्राप्ति की आस से स्तरहीन निर्माण सामाजिक हित मे नही है। राजनैतिक भ्रष्टाचार में मिलावटखोरो का संरक्षण,दोयम दर्जे की सड़कों का निर्माण,ओर गरीबो का राशन सदैव सरकारी और राजनैतिक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। समाज मे व्याप्त बुराइयों में धार्मिक और जातीय भेदभाव भी एक प्रमुख समस्या बन गया है। धार्मिक और जातीय भेदभाव ने समाज मे एक दीवार खड़ी कर दी है,जिसने भारत की एकता अखंडता की मूल विशेषता को प्रभावित किया है। समाज मे जातिवादी ओर धार्मिक भेदभाव अब भी प्रचलित है जो अब अधिक विभाजन कारी दिखाई दे रहे है।

मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने शबरी के झूठे बैर खाकर समतारूपी समाज की स्थापना की नींव रखी थी। रामायण में शबरी के झूठे बैर खाने का प्रकरण सामाजिक समरसता का बेहतर उदाहरण है। किंतु इस समरसता को नेताओ द्वारा चुनावी राजनीति में अपने स्वार्थ के खातिर जातीय ओर धार्मिक आधारों पर समाज को बांटकर खत्म किया है।जबकी राजनीति का मूल उद्देश्य समाज कल्याण और नागरिको का विकास माना जाता है। नशाखोरी भी रावण रूपी बुराई के रूप में हमारे समाज में भी गहरी पैठ बना चुकी है, वालीवुड का ड्रग्स कनेक्शन बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।युवाओ में व्याप्त शराब, सिगरेट, ड्रग्स की लत देश की नई पीढ़ी को खोखला कर रही है।देश के युवा हमारा भविष्य है,इनका असमय ही खोखला हो जाना समाज के लिए घातक है इस हेतु समाज को सतर्क होना होगा,इस कार्य को कानूनी सख्ती के साथ सामाजिक सतर्कता और जागरूकता से पूर्ण किया जा सकता है। नशामुक्त समाज ही मजबूत समाज होगा।

महिला और नाबालिकों के खिलाफ समाज मे बढ़ती शारारिक हिंसा भी हमारे समाज के लिए चिंता का विषय है,रावण द्वारा माता सीता का ताकत के बल पर किया अपहरण उसके नाश का कारण बन गया था।मौजूदा समाज मे भी अपनी ताकत ओर पाशविक मानसिकता के चलते नाबालिकों ओर महिलाओं के खिलाफ जारी यह अपराध हमारे समाज मे व्याप्त आसुरी प्रवृत्तियों के बढ़ने का प्रमाण है।

इन बुराइयों में पारावारिक विवादों को भी शामिल किया जा सकता है।भाई-भाई के मध्य संपत्ति को लेकर बढ़ते विवादों की घटनाए समाज मे बहुतायत में घटित हो रही है जो राम-लक्ष्मण के रामायणी प्रेम के विपरीत आचरण है। दशहरे का आशय सत्य की जीत ओर बुराई के अंत से है।इस दिन भगवान श्रीराम ने बुराई ओर असत्य रूपी रावण का अंत किया था।रामराज्य का मतलब बुराई मुक्त समाज से ही है। बुराई से लड़ने के लिए समाज मे संस्कारो की आवश्यकता है रामरूपी संस्कारो से रावण रूपी बुराई का अंत सम्भव है।

## कोसी नदी

माँ तू जग से क्यूँ रूठी,
तू भी तो इक बेटी थी।
धारा बनकर फुट पड़ी,
तू कोसी महारानी थी।
किसी ने न जाना तेरे दुःख को,
किसी ने न जाना तेरे सुख को।
बहती थी जो इस अंचल से,
बांध दिया तुझको बांधो से।
आखिर तू भी तो इक नारी थी,
माँ तू भी तो इक बेटी थी।
वेदना की इस कहर से,
जगवालों की दमन से।
अपनों के बिच आने को,
रह -रह कर तरसती थी।
आखिर कब-तक तू सह सकती थी,
माँ तू भी तो इक बेटी थी।
तोड़ दिया तू ने बंधन को,
छोड़ दिया तूने कुसहा को।
हल -हल,कल-कल गर्जन कर,
जगवालों का मर्दन कर।
सैलाब बन बह रही थी।
आखिर कबतक चुप रह सकती थी,
माँ तू भी तो इक बेटी थी।
कहलाने वाली शोक बिहार की,
अपने मन की करने वाली।
प्रलय कहूँ या कहूँ सुनामी,
धाराओं को मोड़ चुकी थी,
नहियर की ओर चल पड़ी थी।
आखिर कब-तक तू सह सकती थी,
माँ तू भी तो इक बेटी थी।
कहते है तू सात बहन है,
विश्वामित्र की तू सगी है।
इस अंचल की तू इकलौती,



इसलिए माँ तू सप्तकोशिकी।
माँ फिर तू क्यों जग से रूठी,
माँ तू भी तो इक बेटी थी।
जहाँ से चली जहां को बही,
रेतो को उगल रही थी।
सर्वनाश किया सर्वहाश किया,
इस भूमि को बर्बाद किया।
क्यों अपने को छीन रही थी,
माँ तू भी तो इक बेटी थी।
मैं भी बेटी तू भी बेटी,
समझ सकती हूँ तेरी दृष्टि।
अब न सबको रुलाओ माँ,
फूलों को खिलाओ माँ।
अपने घर को बचाओ माँ,
सबकी ले दुवायें माँ।
हे ! कोसी माँ,
तू सबकी माँ।

**रानी राज**
**नरपतगंज, बिहार**

## कविता



धधक रही हे ज्वाल हृदय में और नही सह पाएँगे
रक्त धमनियों मे उवला है कर के अब दिखलायेंगे।
नीच अधर्मी अपराधी अब बच कर के कहाँ जायेंगे।
चिंता मत कर %निकिता% बहिना हम तुमको न्याय दिलाएंगे।
कसूर क्या था जरा बताना नन्हीं परी कुचल डाली।
एल बाग की कली हाय तुमने क्यो आज मसल डाली।
भूल नही सकते हम बहिना तेरे इस बलिदान को।
मर कर भी उँचा कर गई निज पिता के मान को।
बांध सब्र का टूट रहा है अश्क नहीं रुक पाते है।
आये दिन इस देश मे ऐसे केस नये हो जाते हे।
कहाँ गये इस देश के नेता राजनीति करने वाले।
नहीं कोई कानून यहाँ पर अपराधी है मतवाले।
जब शासन चुप हो जाता है कानून भी इनसे हारी है।
तब कलम सम्हाले जिम्मेदारी मुख से उगले चिंगारी है।

**मोहन सिंह तोमर**
**(अम्बाह मुरैना मध्यप्रदेश)**

## जिन्दगी सपनो का बाज़ार



जिन्दगी सपनों का बाज़ार ।
बिकते जहाँ स्वपन बेशुमार ।
,कुछ चटकीले, कुछ रंगीले
तरह-तरह के यहाँ रंग हज़ार ।
खुशियाँ-गम की यहाँ भरमार।
जिन्दगी दिखाती रंग अपार ।
थक हारकर बैठे जो ,
धीमी कर देती उसकी रफ्तार ।
हौसलों की है बस दरकार ।
भरलो जीवन में मनचाहे रंग हज़ार।
संघर्ष भरे इस जीवन की,
मंजिल पाने को सदैव रहो तैयार ।

**रश्मि वत्स**
**मेरठ(उत्तर प्रदेश)**

## गजल प्यार की गुनगुनाने लगे



ग़जल प्यार की गुनगुनाने लगे हैं,
तुम्हे हाल दिल का सुनाने लगे है।
वो शामो सहर याद आने लगे है,
जिन्हें भूलने में जमाने लगे हैं।
अजब शौक है पलकों में छिपकर,
वो ख्वाबो में फिर आने जाने लगे हैं।
किस्सा सभी से छुपाया था अब तक,
वही राज सबको बताने लगे हैं।
मुहब्बत है वो भी ,मुहब्बत है ये भी,
रुलाकर मुझे फिर हंसाने लगे है।
कभी दिल में मेरे ठिकाना था जिनका,
वो दिल से बहुत दूर जाने लगे हैं।

**अभिलाषा सिंह,वरिष्ठ कवयित्री व शिक्षिका**
**प्रयागराज-उत्तर प्रदेश**

## अब तुम्हारे लिए

लेखनी बनकर बस तुम
रहो साथ में
मैं लिखूं गीत बस अब
तुम्हारे लिए..।।
जो बचे खाली पन्ने हैं
अरमानों के
प्रीति उस पर लिखूं
मैं तुम्हारे लिए..।।
मेरी फीकी हंसी में
मिला दो हंसी
मुस्कुराउंगा मैं
बस तुम्हारे लिए..।।
रूठकर मुझसे तुम
न सताया करो
प्रेम मेरा है बस
अब तुम्हारे लिए..।।
साथ से साथी बन जाएं
आओ चलें
मेरा जीवन है बस
अब तुम्हारे लिए..।।
अब तुम्हारे लिए..।।

**विजय कनौजिया**
**ग्राम व पत्रालय-काही**
**जनपद-अम्बेडकर नगर**
**(उ0 प्र0)**





है वो बेचैन मशरूफियत से मेरी,
मशरूफियत के किस्से जो सुनाते बहुत है, रुलाया
है जिसने खातिर दो पल के,
इल्ज़ाम बेरुखी का लगाते बहुत हैं।
है वास्ते मेरे जो सबसे जरूरी,
जरूरत पर वो कभी मिलते नहीं है ,
वक़्त- वे- वक़्त कर जो जाते हैं तन्हा,
कसम से वो मुझको रुलाते बहुत है ।
है मुहब्बत उन्हें या है ये जरूरत,
ना जाने क्यों वो बताते नहीं हैं,
जिसकी खुशियो में बसती है खुशियां हमारी,
उफ वो मुझको सताते बहुत है ।
बसाया है जिसको हमने तो दिल में,
हमे वो नजर में बसाते नहीं हैं,
मिलना है जिसका मुझसे जरूरी,
क्या कहें इंतजार वो कराते बहुत है।

करुणा कलिका,वरिष्ठ कवयित्री व ग़ज़लगो,

## वंदना (दोहा)



करूं वंदना नित्य ही, हे गणनायक राज।
संकट सबके टाल दो, सिद्ध होय सब काज।।
काम मिले हर हाथ को, नहीं पलायन होय।
भूखा कोई मत रहे, बच्चे कहीं न रोय।।
कोरोना संकट हटे, बीमारी हो दूर।
स्वस्थ रहे सब आदमी, नहीं रहे मजबूर ।।
भेदभाव को छोड़ कर, रहे सभी अब साथ।
नवयुग का निर्माण हों, हाथों में दें हाथ ।।
करुं आरती रोज ही, आकर तेरे द्वार ।
करो कृपा गणराज जी, वंदन बारंबार ।।

**रचनाकार**
**महेन्द्र देवांगन ÷माटी÷**
**(प्रेषक - सुपुत्री प्रिया देवांगन ÷प्रियू÷)**
**पंडरिया**
**जिला - कबीरधाम**
**छत्तीसगढ़**



## अमिताभ बच्चन ने कैटरीना कैफ के साथ फोटो शेयर कर लिखी मजेदार बात

# फैन्स बोले- वाह सर

अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और कई मजेदार पोस्ट करते रहते हैं। अब बिग बी ने कैटरीना कैफ के साथ एक फोटो शेयर की है। बिग बी और कैटरीना की यह फोटो एक विज्ञापन के दौरान की है। हालांकि फोटो शेयर करते हुए बिग बी ने जो कैप्शन लिखा है वह काफी दिलचस्प है। बिग बी ने लिखा, अचानक हमें एक तस्वीर मिल गई, ढूंडा नहीं हमने, पन्ना पलटते ही मिल गई। सोचा देवी जी गहनों में अच्छी लग रही हैं और नीचे बैठे मान्यवर हम ही हैं। बिग बी की इस पोस्ट पर फैन्स भी खूब कमेंट्स कर रहे हैं। कोई कह रहा है सर, आप और आपकी बातें। तो किसी ने कमेंट किया, सर क्या लिखते हैं आप...लाजवाब। बिग बी और कैटरीना कैफ फिल्म ठग्स ऑफ हिन्दोस्तान में साथ काम कर चुके हैं। फिल्म में बिग बी और कैटरीना के साथ आमिर खान और फातिमा सना शेख लीड रोल में थे। हालांकि फिल्म फ्लॉप हो गई थी। बता दें कि बिग बी इस उम्र में भी लगातार काम करते रहते हैं। वह कई घंटों तक शूटिंग करते रहते हैं। कुछ दिनों पहले बिग बी ने अपने शो कौन बनेगा करोड़पति के सेट से कुछ फोटोज शेयर की थीं। इन फोटोज को शेयर करते हुए बिग बी ने कर्म को ही पूजा बताया था। साथ ही उन्होंने बताया कि काम ही आपकी पहचान बनाता है। बिग बी ने ट्वीट किया था, कर्म ही पूजा है, कर्म ही गुरू है। आलस की दीवार को छलांग लगाकर कूदो। हर मुसीबत का सामना करते हुए भी काम करने के इरादे में कमी न आए। अपने पिता के इस पोस्ट से अभिषेक बच्चन काफी इम्प्रेस हुए थे। उन्होंने बिग बी के पोस्ट को री ट्वीट करते हुए लिखा था, यह प्रेरणा। बिग बी के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बिग बी के साथ आलिया भट्ट और रणबीर कपूर लीड रोल में हैं। साथ ही बिग बी जल्द ही दीपिका पादुकोण और प्रभास की फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।

# आलिया भट्ट के इंस्टाग्राम पर हुए 50 मिलियन फॉलोअर्स

आलिया भट्ट के इंस्टाग्राम पर 50 मिलियन फॉलोअर्स हो गए हैं। इस खास मौके पर अनुष्का ने अपने फैन्स के लिए सोशल मीडिया पर स्पेशल मैसेज पोस्ट किया है। आलिया ने लिखा, थैंक्यू मेरा परिवार...आज आप लोगों ने मुझे 50 मिलियन प्यार दिया है। मैं आप सभी से बहुत प्यार करती हूं। आज इस मौके पर मैं आपसे कुछ शेयर करने वाली हूं जो मैंने पिछले कुछ महीनों में सीखा है। सोशल मीडिया हमें कनेक्ट करता है। यह हमें एंटरटेन करता है लेकिन यह हम नहीं। जब मेरे 5, 15 या 50 हजार फॉलोअर्स थे तब भी मैं खुश थी और आप सभी की आभारी थी जैसे आज हूं। मैं वास्तव में विश्वास करती हूं कि हमारा जीवन उन रिश्तों से बना है जो हम लोगों के साथ बनाते हैं। किसी को भी एक बटन दबाकर ये महसूस कराने का अधिकार नहीं है कि वह किसी से कम या ज्यादा है। तो जैसा कि मैंने कहा कि आज प्रशंसा दिन है। मैं चाहूंगी कि आप सभी खुद की सराहना करें। अपने दिमाग, अपनी बॉडी, अपने दिल और अपनी आत्मा की सराहना करें क्योंकि कोई पसंद या नापसंद, कोई फॉलो या अनफॉलो, कोई ट्रोल या पोल आपको नहीं बदल सकता है। आप जो खुद हैं उससे आपको कोई दूर कोई नहीं कर सकता है। आलिया ने इस पोस्ट के जरिए उन ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो पिछले कुछ समय से नेपोटिज्म को लेकर आलिया पर निशाना साध रहे थे। आलिया की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आने वाली हैं। फिल्म में आलिया के साथ रणबीर कपूर और अमिताभ बच्चन लीड रोल में हैं। इस फिल्म के जरिए रणबीर और आलिया पहली बार साथ काम करने वाले हैं।



## कंगना रनौत को लेकर बोले हंसल मेहता सेट पर सबको करती थीं कंट्रोल

फिल्ममेकर हंसल मेहता ने फिल्म सिमरन में कंगना रनौत के साथ काम किया था। कंगना के साथ काम करने के एक्सपीरियंस को दर्दनाक बताया। हंसल ने कहा कि उनके मन में कंगना को लेकर कोई कड़वाहट नहीं है। हफिंग्टन पोस्ट इंडिया को दिए इंटरव्यू में हंसल ने कहा, मुझे कभी-कभी लगता है कि काश यह फिल्म बनाई ही नहीं होती। मुझे बहुत दुख होता है। वह फिल्म और अच्छी बन सकती थी। जब फिल्म रिलीज हुई थी तब मैं काफी निराश हुआ था। मुझे थेरेपी लेनी पड़ी थी। मुझे लोगों से मिलने का मन नहीं करता था। हंसल ने कहा, मेरी कंगना के साथ अच्छी बॉन्डिंग होती थी लेकिन सेट के बाहर। मैंने उनके साथ काफी अच्छा समय बिताया। हम साथ में खाना खाने जाते, पार्टी करते। लेकिन सेट पर कुछ भी मेरे कंट्रोल में नहीं था। कंगना सेट पर पूरा चार्ज ले लेती थीं और बाकी एक्टर्स को डायरेक्ट करने लगती थीं। आर्थिक रूप से मुझे काफी नुकसान हुआ था। हंसल ने आखिर में कहा, कंगना वैसे बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। तो क्या पता कल को हम दोनों साथ में एक फिल्म करना चाहें। कड़वाहट रखन बेकार है।

### कंगना ने आमिर पर साधा था निशाना



कंगना अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद से सोशल मीडिया पर लगातार कई ट्वीट कर रही हैं। हाल ही में कंगना ने एक ट्वीट के जरिए आमिर खान को भी टारगेट करने की कोशिश की। कंगना ने ट्वीट किया था, जैसे रानी लक्ष्मीबाई का किला तोड़ा था, मेरा घर तोड़ा गया। जैसे सावरकर जी को विद्रोह के लिए जेल में डाला गया था, मुझे भी जेल में भेजने की पूरी कोशिश की जा रही है। असहिष्णुता गैंग से जाकर कोई पूछे कितने कष्ट सहे हैं उन्होंने इस इन्टॉलरैंट देश में?

## एक बार फिर कोकिला ने पूछा रसोड़े में कौन था, री-क्रिएट किया गया सीन

साथ निभाना साथिया का रसोड़े वाला वीडियो काफी वायरल हुआ था। वीडियो के वायरल होने के बाद इस शो का दूसरा सीजन शुरू हुआ है। अब शो के अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो सामने आया है जिसमें रसोड़े के सीन को रीक्रेट किया है। प्रोमो में दिखाया गया है कि कोकिला, चिल्लाते हुए गोपी को बुलाती हैं। इसके बाद पूछती हैं कि प्रसाद किसने बनाया? इस बीच गहना कहती हैं कि मैंने प्रसाद बनाया है। फिर कोकिला कहती हैं कि अंडा भी तुमने डाला है? तो गहना मना करती हैं। इसके बाद कोकिला कहती हैं, गहना जब रसोड़े से बाहर गई तब रसोड़े में कौन था। रसोड़े में कौन था वीडियो की बात करें तो उसे यशराज मुखते ने बनाया था। यशराज ने वीडियो को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स को लेकर कहा था, मैं विश्वास नहीं कर सकता कि ऐसा हुआ है। मुझे सबसे अच्छा तब लगा,जब रूपल पटेल (कोकिलाबेन) ने फोन किया। उन्होंने कहा कि उन्हें वीडियो बहुत पसंद आया कि उन्हें फोन करना ही पड़ा। उन्होंने मुझे करीब 10 मिनट तक बात की। मेरा दिन बन गया था। इस वीडियो को बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा था, मैं किसी और के लिए एक गाना बना रहा था। लेकिन मैंने ऐसा कुछ भी सोचा नहीं था। तभी मैंने सोशल मीडिया पर इस क्लिप को देखा और इसमें कुछ बीट्स को जोड़ा, सिर्फ मनोरंजन के लिए। मैंने इसके वायरल होने की कभी उम्मीद नहीं की थी।



## कोरोना के चलते शेफाली जरीवाला और पराग त्यागी ने पोस्टपोन किया बच्चा गोद लेने का प्लान, एक्ट्रेस बोलीं

# जब सही वक्त होगा तब ही बच्चा आएगा



बिग बॉस 13 में बेबाक अंदाज से चर्चा में आईं शेफाली जरीवाला की शादी को 6 साल पूरे हो चुके हैं। एक्ट्रेस ने साल 2014 में एक्टर पराग त्यागी से शादी की थी हालांकि दोनों के कोई बच्चे नहीं हैं। ऐसे में एक्ट्रेस ने बच्चा गोद लेने का मन बना लिया है। कपल इसी साल घर में नन्हे मेहमान का स्वागत करना चाहते थे हालांकि कोरोना के चलते उनका ये प्लान पोस्टपोन हो चुका है। बच्चा गोद लेने का आइडिया और पति पराग को इसके लिए राजी करने पर शेफाली जरीवाला ने स्पॉटब्वॉय से कहा, फिलहाल कोरोना के कारण हमने सारी तैयारी होल्ड कर दी है। ये एक लंबी प्रोसेस है और इससे बहुत काम जुड़े हुए हैं। और ये प्रोसेस खुद एक लंबा समय लेती है। हम फिलहाल सिर्फ दुआ कर सकते और उम्मीद कर सकते हैं कि सब ठीक और जल्दी हो। मुझे लगता है चीजें तभी होती हैं जब उनका सही समय हो और जब वो आपकी किस्मत में हो। हम कितनी भी कोशिश कर लें जब बच्चे का हमारे घर आने का वक्त होगा वो तभी आएगा। आगे एक्ट्रेस बताती हैं, हम कोशिश कर रहे हैं और इस बारे में काफी पॉजिटिव हैं। पूरी कोरोना की स्थिति ने बहुत सी चीजों की गति कम कर दी है। हो सकता है ये हमारे अच्छे के लिए हो। भगवान बहुत दयालु हैं, जो होता है अच्छे के लिए होता है। ये एक साहस से भरा फैसला था, खासकर हम जिस कल्चर से हैं उन सब के लिए। लोग कहते थे कि तुम लोग अपना बच्चा क्यों नहीं कर लेते, एडॉप्ट करना उन लोगों के लिए है जो अपना बच्चा नहीं कर सकते। मुझे हमेशा से ही बच्चा गोद लेना बहुत खूबसूरत चीज लगती थी और मैं हमेशा से ये करना चाहती थी।

### बहुत दिनों तक पराग मेरी बात नहीं समझ पाया- शेफाली

एक्ट्रेस ने बॉलीवुड लाइफ से पति को इस बात के लिए राजी करने पर कहा, पराग एक लंबे समय तक मेरे इमोशन नहीं समझ पाया। ये एक ऐसी चीज है जो सालों पहले से मैं सोच रही थी। हम दोनों का एक फैसले पर आना बहुत मुश्किल था।



# राधिका आप्टे को नहीं शादी पर विश्वास

## कहा- मैंने वीजा के लिए शादी की

राधिका आप्टे की मानें तो वे शादी में यकीन नहीं रखतीं। खास बात यह है कि वे 2012 में ब्रिटिश म्यूजिशियन बेनेडिक्ट टेलर से शादी करनी कर चुकी हैं और अभी लंदन में उन्हीं के साथ रह रही हैं। हालांकि, राधिका के मुताबिक, यह शादी उन्हें लंदन का वीजा पाने की मजबूरी में करनी पड़ी थी। राधिका ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के शो विट फिक्स में विक्रांत मैसी से बातचीत कर रही थीं। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे को ऐसे सवालों के जवाब दिए, जो आमतौर पर इंटरव्यू में नहीं पूछे जाते। जब राधिका से पूछा गया कि उन्होंने शादी कब की? तो उन्होंने जवाब में कहा- जब मुझे अहसास हुआ कि अगर आप शादीशुदा हैं तो आपको वीजा आसानी से मिल जाता है। मुझे लगता है कि इस तरह की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। मैं शादी में यकीन नहीं रखती। मैंने शादी की, क्योंकि वीजा की दिक्कत थी और हम (राधिका और बेनेडिक्ट) साथ रहना चाहते थे। मुझे लगता है कि यह सही नहीं है। राधिका ने पूरा लॉकडाउन बेनेडिक्ट के साथ लंदन में ही बिताया। एक इंटरव्यू में उन्होंने अपने रुटीन के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था- रुटीन होना आम बात है। लेकिन ऐसे समय में मैंने अच्छा खाया, कसरत की, लिखने और देखने की कोशिश की और कुछ भी नहीं किया। राधिका को लगता है कि कोविड-19 की वैक्सीन आने के बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी। वे कहती हैं, मुझे न्यू नॉर्मल टर्म पसंद नहीं है। यह उस समय तक है, जब तक हमें समस्या से निपटने के लिए टीका नहीं मिल जाता। हमें विश्वास है कि हम वापस सामान्य हो जाएंगे। एक बार जब हम वापसी कर लेंगे, तो इस बारे भूल जाएंगे। राधिका आखिरी बार नेटफ्लिक्स की वेबसीरीज रात अकेली है में नजर आई थीं। जुलाई में रिलीज हुई इस वेबसीरीज में उनके साथ नवाजुद्दीन सिद्दीकी की भी अहम भूमिका थी। सीरीज से कास्टिंग डायरेक्टर हनी त्रेहान ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया था।

## अपने 50वें बर्थडे पर 10 साल छोटे बॉयफ्रेंड पर्सी के साथ शादी करेंगी डेलनाज ईरानी !

टीवी एक्ट्रेस डेलनाज ईरानी टीवी का जाना-माना नाम है। डेलनाज ने अपनी मेहनत और लगन से इंडस्ट्री में नाम कमाया है। डेलनाज अपने निजी जिंदगी को लेकर हमेशा चचाओं में रहती है। डेलनाज ईरानी ने साल 1998 में राजीव पॉल से शादी की। ये शादी ज्यादा समय तक नहीं चल पाई और 14 साल बाद यानी साल 2012 में दोनों का तलाक हो गया। पति से अलग होने के बाद डेलनाज की जिंदगी में किसी खास की एंट्री हुई। साल 2013 में डेलनाज की लाइफ में पर्सी ककरिया आए। जबसे ही ये कपल काफी चचाओं में है, क्योंकि पर्सी उम्र में डेलनाज से 10 साल छोटे है। डेलनाज की उम्र 49 वर्ष हैं जबकि पर्सी 39 साल के है। ये दोनों पिछले सात सालों से रिलेशनशिप में है। दोनों एक साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे है। इन दोनों के रिलेशन को लेकर जब डेलनाज से शादी को लेकर सवाल पूछा, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि वो अगले साल यानी अपने 50वें बर्थडे पर पर्सी करकरिया के साथ शादी के बंधन में बंध सकती हैं। डेलनाज ने आगे कहा कि, सिर्फ बाहर के लोग ही नहीं मेरे रिशतेदार भी शादी के बारे में पूछते रहते हैं। वैसे, मुझे शादी में कोई दिलचस्पी नहीं है, पर्सी और मैं एक साथ रहने में बेहद सहज हो गए हैं। हम एक शादीशुदा जोड़े की तरह ही रहते हैं। हमारे लिए शादी सिर्फ एक कागज पर होने वाली फॉर्मैलिटी है। डेलनाज ईरानी ने आगे अपने पार्टनर के बारे में बात करते हुए बताया कि, मैं आज बिना पर्सी के जिंदगी के बारे में सोच भी नहीं सकती हूं। वो मुझे पूरा करते हैं। हमारे रिश्ते को आठ साल हो गए हैं। वो प्यार करने के साथ-साथ मेरा बहुत ख्याल रखते हैं। साथ ही वो मेरा बहुत सम्मान करते हैं, जो एक महिला के लिए बहुत जरूरी है। हमारा रिश्ता बेहद खूबसूरत है। मैं अगले साल अपना 50वां जन्मदिन एक बड़े दिन में बदलना चाहती हूं, तो मैं शायद उस दिन उनसे शादी कर लूंगी। बात करें वर्कफ्रंट की तो, डेलनाज ने टीवी शो छोटी सरदारनी से छोटे परदे पर कमबैक किया है। बता दे कि डेलनाज कई फिल्मों में भी काम कर चुकी है। जिसमें कल हो ना हो, हमको दीवाना कर गए, मिलेंगे-मिलेंगे और रा वन जैसी फिल्में शामिल है।



### अब कोरोना से जंग जीतने के काफी करीब भारत

# 101 दिन बाद आए सबसे कम नए केस, आंकड़े राहत देने वाले

**नई दिल्ली।** भारत कोरोना वायरस को लेकर लगातार राहत भरी खबरें आ रही हैं। देश में कोरोना वायरस का कहर अब अपने ढलाना पर है और इसके नए केसों की संख्या में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। सोमवार को भारत में 101 दिन बाद सबसे कम कोरोना वायरस के नए मामले सामने आए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को भारत में करीब 36 हजार नए कोविड-19 केस दर्ज किए गए, जो 101 दिनों बाद सबसे कम है। इससे पहले यानी अब से तीन महीने पहले जुलाई 17 जुलाई को करीब 35 हजार नए मामले सामने आए थे। इस तरह से देखा जाए तो अब ऐसा लग रहा है कि भारत कोरोना वायरस से जंग जीतने के काफी करीब पहुंच चुका है।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक, कई राज्यों ने कोरोना वायरस के कहर पर एक तरह से नियंत्रण पा लिया है। कई ऐसे राज्य हैं जहां रिकवरी रेट काफी बेहतर है और नए मामलों के मिलने की संख्या में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। यही वजह है कि देश के कोरोना आंकड़ों में भी गिरावट आई है। बता दें कि सितंबर के शुरुआती दो सप्ताह में कोरोना का तांडव देखने को मिला था। हर दिन औसतन 90 हजार नए केस सामने आ रहे थे, मगर उसी महीने के अंतिम सप्ताह से नए मामलों में गिरावट देखने को मिली और वह अब भी जारी है। इस




तरह से देखा जाए तो सितंबर के मध्य में ही देश में कोरोना का पीक खत्म हो चुका है। भारत में इस महीने में दूसरी बार 24 घंटे के अंदर 50 हजार से कम नए मामले सामने आए। वहीं इस दौरान मरने वालों की संख्या भी 500 से कम रही। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे जारी किए आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 79,09,959 हो गए हैं। वहीं 480 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,19,014 हो गई।

कोरोना का भारत में नया रिकॉर्ड, पिछले 24 घंटे में **49,300 नए केस**–मंत्रालय के मुताबिक, 71,37,228 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के बाद देश में मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 90.23 प्रतिशत हो गई है। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.50 प्रतिशत है। देश में अभी सात लाख से कम लोगों का इलाज जारी है। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 6,53,717 मरीजों का इलाज जारी है, जो कुल मामलों का 8.26 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख के पार चली गई थी, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को संक्रमितों की संख्या 40 लाख के पार चली गई थी। कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख के पार, 28 सितम्बर को 60 लाख और 11 अक्टूबर को 70 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार 25 अक्टूबर तक कुल 10,34,62,778 नमूनों की कोविड-19 की जांच की गई, जिनमें से 9,39,309 नमूनों का परीक्षण रविवार को ही किया गया।

### जब मैं पढ़ाती हूं तो प्रिंसिपल कैमरे को जूम कर मेरे शरीर के पिछले हिस्से को देखते हैं

## महिला प्रोफेसर ने कुलपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**पेबल।** गुजरात के नर्मदा यूनिवर्सिटी से जुड़े वलसाड के शाह केएम लॉ कॉलेज की एक महिला प्रोफेसर ने इंचार्ज कुलपति डॉ. हेमाली देसाई, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, महिला आयोग, कलेक्टर, पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर कॉलेज के प्रिंसिपल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला प्रोफेसर ने अपने पत्र में लिखा है कि जब वह क्लास में बच्चों को पढ़ाती हैं तब इंचार्ज प्रिंसिपल कैमरे से हमारे शरीर के पिछले हिस्से को जूम करके देखते हैं। हमारा लेक्चर एक घंटे का होता है। लेक्चर लेने से पहले वह वॉश रूम में जाती हैं तब भी प्रिंसिपल कैमरे को जूम करके देखते हैं। उनकी निगरानी करने के लिए चपरासी को उनके पीछे भेजते हैं। कभी क्लास में जाने में देरी हो जाती है तो प्रिंसिपल अपने केबिन में बुलाकर पूछते हैं कि वॉशरूम में इतनी देर से क्या कर रही थी? इतनी देर कैसे हो गई? जब कभी हमें सर्दी या खांसी हो जाती है तो प्रिंसिपल कहते हैं कि शराब पिया करो। अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल करते हैं। इस संबंध में इंचार्ज कुलपति डॉ. हेमाली देसाई ने बताया कि महिला प्रोफेसर की शिकायत मिली है। जांच कमेटी बनाकर कार्रवाई की जाएगी।

## नासा को बड़ी कामयाबी, चांद की सतह पर ढूंढ निकाला पानी

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने पहली बार सूर्य से प्रकाशित चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी की पुष्टि की है। यह खोज इस ओर इशारा करती है कि चंद्रमा की सतह पर हर जगह पानी के अणु हो सकते हैं और ये केवल ठंडी तथा छायादार जगहों पर ही



नहीं होते जैसा कि पहले समझा जाता था। अमेरिका के हवाई विश्वविद्यालय समेत अन्य संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं ने नासा की स्ट्रेटोस्फीयरिक ऑब्जर्वेटरी फॉर इन्फ्रारेड एस्ट्रोनोमी (सोफिया) के डेटा का इस्तेमाल करते हुए क्लेवियस क्रेटर में पानी के अणुओं (एच2ओ) का पता लगाया है। यह क्रेटर चंद्रमा पर स्थित सबसे बड़े गड्ढों में से एक है और उसके दक्षिणी गोलार्द्ध पर स्थित है। इसे पृथ्वी से देखा जा सकता है। इससे पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चंद्रयान-1 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर किये गये अध्ययन समेत अन्य अध्ययनों में हाइड्रोजन के एक प्रकार का पता लगाया गया था, वहीं नासा के वैज्ञानिकों का कहना था कि पानी और उसके करीबी रासायनिक संबंधी हाइड्रॉक्सिल (ओएच) के बीच फर्क स्पष्ट नहीं हो पाया है। पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित वर्तमान अध्ययन का ब्योरा से पता चलता है कि क्लेवियस क्रेटर क्षेत्र में 100 से 412 भाग प्रति दस लाख की सांद्रता वाला पानी है जो चंद्रमा की सतह पर फैली धूल के एक घन मीटर आयतन वाले क्षेत्र में है और करीब-करीब 12 औंस की पानी की एक बोतल के बराबर है। अनुसंधानकर्ताओं ने तुलना के तौर पर कहा है कि सोफिया ने चंद्रमा की सतह पर पानी की जितनी मात्रा का पता लगाया है, सहारा रेगिस्तान में उससे सौ गुना ज्यादा पानी है। हवाई यूनिवर्सिटी की प्रमुख अध्ययनकर्ता केसी होनीबॉल ने कहा, सोफिया के अध्ययन से पहले हम जातने थे कि एक प्रकार का हाइड्रेशन (जलयोजन) होता है। लेकिन हम यह नहीं जानते थे कि कितना होता है और उसमें उस पानी के कितने अणु हैं जो हम रोजाना पीते हैं। या फिर साफ-सफाई में इस्तेमाल होने जैसा पानी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पानी की बहुत कम मात्रा का पता चला है लेकिन यह खोज नये प्रश्न उत्पन्न करती है कि पानी का सृजन कैसे हुआ और यह बिना हवा वाली चंद्रमा की सतह पर कैसे रहता है।

### रूसी कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक-वी को लेकर बड़ा दावा

## 85 फीसदी वॉलंटियर्स में नहीं दिखे साइड इफेक्ट्स

**मॉस्को।** कोरोना वायरस के कहर के बीच पूरी दुनिया में वैक्सीन बनाने की कवायद तेज है। रूस ने बहुत पहले ही कोरोना वायरस की वैक्सीन बनाने का दावा किया है, जिसका तीसरे फेज का ट्रायल जारी है। अब तक जो परिणाम सामने आए हैं, उसके मुताबिक रूस की कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक-5 को सुरक्षित और प्रभावी पाया गया है। करीब 85 फीसदी वॉलंटियर्स में इसका कोई साइडे इफेक्ट देखने को नहीं मिला है। द मॉस्को टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जिन वॉलंटियर्स को स्पूतनिक-5 वैक्सीन का डोज दिया गया, उनमें 85 फीसदी वॉलंटियर्स में इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं देखने को मिला। इस बात की जानकारी वैक्सीन के डेवलपर्स ने दी है। रूस ने स्पूतनिक-5 वैक्सीन को मॉस्को के गामालया रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडिमियोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के साथ मिलकर विकसित किया है, जिसका ऐलान फाइनल ट्रायल से पहले ही अगस्त महीने में किया गया। इस फाइलन ट्रायल में 40,000 वॉलंटियर्स शामिल हैं, जिनमें से 10000 को प्लासेबो दिए जाने की उम्मीद है।

मॉस्को स्थित गमालया के प्रमुख अलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग ने सरकारी टेलीविजन को बताया कि स्पुतनिक-5 के दुष्प्रभावों में हल्के तापमान वाले बुखार, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द शामिल है। इस




तरह के साइड इफेक्ट्स महज उन 15 फीसदी लोगों में पाया गया है, जिनमें ट्रायल के दौरान वैक्सीन दिया गया है। उन्होंने कहा कि 85 फीसदी लोगों ने कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक-5 में कोई साइड इफेक्ट महसूस नहीं किया है या फिर टीका लगाने के बाद उनमें कोई शिकायत देखने को नहीं मिली है। सरकार द्वारा संचालित होने वाली न्यूज एजेंसी टास के मुताबिक, सितंबर में जब 40,000 वॉलंटियर्स में से 300 से अधिक को स्पुतनिक -5 का टीका लगाया गया था, तब हर सात में से एक में शख्स में इसके साइड इफेक्ट देखने को मिले थे। स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल ने द्वारा 'मॉस्को टाइम्स' को दिए गए बयान के हवाले से समाचार एजेंसी टास ने कहा था कि जिन वॉलंटियर्स को ये कोरोना वैक्सीन दी गई, उनमें से करीब 15 फीसदी में साइड इफेक्ट देखने को मिले हैं। इन साइड इफेक्ट्स में हल्की कमजोरी, 24 घंटे तक मांसपेशियों में दर्द और शरीर के तापमान में वृद्धि आदि शामिल हैं। हालांकि इन लक्षणों को हल्का बताते हुए उन्होंने कहा था कि ये अगले ही दिन गायब हो गए। गेन्सबर्ग ने अनुमान लगाया है कि करीब 19,000 रूसियों को दो-खुराक वाले स्पुतनिक-5 वैक्सीन का अब तक का पहला शॉट दिया गया है और 6,000 लोगों को पहला और दूसरा दोनों खुराक दिया गया है। बता दें कि अभी स्पुतनिक -5 के तीसरे चरण का क्लिनिकल ट्रायल चल रहा है और भारत में भी इसके ट्रायल और वितरण के लिए डॉ. रेड्डी लेबोरेटरिज से समझौता हुआ है। दरअसल, रूस ने पहले दो चरणों के मानव परीक्षण पूरे करने के बाद 11 अगस्त को टीके के मानकों पर खरा उतरने और टीकाकरण शुरू करने का ऐलान किया था।

## हाथरस केस अभी यूपी से दिल्ली ट्रांसफर नहीं होगा, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के हाथरस गैंगरेप और हत्या मामले की सीबीआई जांच की निगरानी कौन करेगा, मामला यूपी से दिल्ली ट्रांसफर होगा कि नहीं, ये सब आज तय हो गया। सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले में कहा कि मामला अभी यूपी से बाहर ट्रांसफर नहीं होगा और सीबीआई जांच की निगरानी इलाहाबाद हाईकोर्ट करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने हाथरस गैंगरेप कांड की कुछ याचिकाओं पर फैसला सुनाया, जिनमें हाथरस मामले की अदालत की निगरानी में जांच कराने और मामले को दिल्ली स्थानांतरित कराने का अनुरोध किया गया है। हाथरस में एक दलित लड़की से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी।



प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने एक जनहित याचिका और कार्यकर्ताओं और वकीलों की ओर से दायर कई अन्य हस्तक्षेप याचिकाओं पर 15 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाओं में दलील दी गयी थी कि उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं है, क्योंकि कथित तौर पर जांच बाधित की गयी। पीड़त परिवार की ओर से पेश वकील ने उच्चतम न्यायालय को बताया था कि इस मामले में जांच पूरी होने के बाद सुनवाई को उत्तर प्रदेश के बाहर राष्ट्रीय राजधानी में स्थानांतरित कर दिया जाए। दरअसल, 15 अक्टूबर को जब सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था, तब यह संकेत दिया था कि मामला हाईकोर्ट भेजा जा सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि इस मामले से संबंधित और याचिकाओं पर सुनवाई नहीं होगी। कोर्ट ने कहा कि पहले हाईकोर्ट के सुनवाई करने दें, फिर हम यहां से नजर रख सकते हैं। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से उच्चतम न्यायालय के समक्ष दायर ताजा हलफनामा में कहा गया था कि पीड़ित परिवार और गवाहों को तीन स्तरीय सुरक्षा दी गई है, इसके लिए पुलिस और अन्य सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। साथ ही गांव की सीमा के साथ जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा है कि पीड़िता (19) के हाथरस जिले के चंदपा में रहने वाले परिजनों को पयार्प्त सुरक्षा दी जा रही है। इन परिजनों में पीड़ता के माता-पिता के अलावा दो भाई, एक भाभी और दादी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में चार सवर्णों ने 19 वर्षीय दलित युवती के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था। उपचार के दौरान दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में 29 सितंबर को लड़की की मौत हो गई। उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने उत्तर प्रदेश में मामले की निष्पक्ष सुनवाई नहीं होने की आशंका प्रकट की थी।

## छात्रों में कोरोना फैलने पर पाकिस्तान की प्रमुख यूनिवर्सटी बंद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित पाकिस्तान की कायदे-ए- आजम यूनिवर्सिटी (क्यूएयू) के कई छात्र के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद यूनिवर्सिटी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। जिला स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार देर रात जारी किए गए एक नोटिस में कहा कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन को छात्रों में बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए मानक प्रक्रियाओं का पालन करने को कहा गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने छात्रों के संक्रमण से संबंधित तीन विभागों को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। विभागों को बंद करने पुलिस को बुलाया गया। जबकि यूनिवर्सिटी के अन्य विभागों को भी एक दिन के लिए बंद कर दिया गया है। बंद किए विभागों के छात्रों को दो सप्ताह के लिए खुद क्वारंटीन में रहने के लिए कहा गया है। पाकिसतान ने 1967 में इस यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी। यह 13 हजार से अधिक छात्र अध्यनरत है। यूनिवर्सिटी फेसबुक पर आधिकारिक पेज कहा कि सभी बंद किए विभागों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं जारी रहेंगी, जबकि यूनिवर्सिटी को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है।

## ईरान पर अमेरिका सख्त, पेट्रोलियम मंत्रालय तेल मंत्री और अन्य पर प्रतिबंध लगाए

नई दिल्ली। अमेरिका ने ईरान के पेट्रोलियम और तेल मंत्री बिजन जांगनेह के साथ-साथ दस संस्थाओं, सात व्यक्तियों और दो जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि आज से ईरान के पेट्रोलियम मंत्रालय और ईरान की तेल कंपनी (एनआईओसी) और राष्ट्रीय ईरानी टैंकर कंपनी (एनआईटीसी) पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स-क्यूड्स फोर्स को उनके वित्तीय मदद को लेकर प्रतिबंध लगाए गए है। विभाग ने कहा कि पूर्व पेट्रोलियम मंत्री और आईआरजीसी-क्यूएफ के अधिकारी रोस्तम घासेमी के करीबी कई व्यक्तियों को इसमें शामिल किया गया है जबकि अन्य को वेनेजुएला से संबंधित होने के कारण प्रतिबंध सूची में जोड़ा गया है।उन्होंने कहा कि अस्थिता के लिए पेट्रोलियम क्षेत्र के फंड का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने ईरान पर आतंकवाद के समर्थन का आरोप लगाया। बता दें कि हाल ही में ईरान संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबन्धों से आजाद हो गया है। इस आजादी के बाद अब ईरान पारंपरिक हथियार खरीदने और बेचने के लिए आजाद हो गया है।

## महबूबा मुफ्ती को परिवार के साथ पाकिस्तान चले जाना चाहिएः गुजरात के उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल

**अहमदाबाद।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 समाप्त करने को लेकर पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के हालिया बयान पर नाराजगी जताते हुए गुजरात के उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री को अगर भारत और उसके कानून पसंद नहीं हैं तो उन्हें सपरिवार पाकिस्तान चले जाना चाहिए। वडोदरा के कुराली गांव में उपचुनाव के लिए एक सभा को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश की सुरक्षा के लिए नागरिकता संशोधन कानून लाए और उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किया। उन्होंने कहा, महबूबा पिछले दो दिन से अनर्गल बयान दे रही हैं। उन्हें हवाई टिकट खरीदने चाहिए और अपने परिवार के साथ कराची चले जाना चाहिए। सभी के लिए यह ठीक होगा। उन्होंने कहा, अगर वह चाहें तो करजन तालुका की जनता उन्हें हवाई टिकट खरीदने के लिए पैसे भेज देगी। पटेल ने कहा, जिन्हें भारत पसंद नहीं है या सरकार द्वारा बनाये गये सीएए जैसे कानून या अनुच्छेद 370 का समाप्त करना पसंद नहीं हैं? उन्हें पाकिस्तान चले जाना चाहिए।

तिरंगे को लेकर महबूबा मुफ्ती बोलीं- कश्मीर के अलावा कोई झंडा नहीं उठाऊंगी

उन्होंने कहा कि जो कोई भी यहां सुरक्षित या खुश महसूस नहीं कर रहा है उसे तुरंत पाकिस्तान चले जाना चाहिए। दरअसल, उप मुख्यमंत्री कर्जन विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अक्षय पटेल के समर्थन में रैली को संबोधित कर रहे थे। कर्जन विधानसभा 3 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में होने वाले आठ विधानसभा चुनावों में से एक है। पटेल ने कहा कि आप यहां रहती हैं तो आपको कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। कोई भी जो गलती करेगा, उसे कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## भारत-अमेरिका के बीच और मजबूत होंगे रिश्ते,टू-प्लस-टू बैठक ने चीन की बढ़ा दी टेंशन

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका अपने रणनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई देने को तैयार हैं। मंगलवार को होने वाली टू प्लस टू वार्ता के लिए सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री पोम्पियो और रक्षामंत्री मार्क एस्पर दिल्ली पहुंचे। राजनाथ और एस्पर के बीच और जयशंकर पोम्पियो के बीच अलग अलग द्विपक्षीय वार्ता हुई। राजनाथ सिंह के साथ बातचीत से पहले अमेरिकी रक्षा मंत्री को रायसीना हिल में साउथ ब्लॉक के बाहर तीनों सेनाओं की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

दोनों देशों के विदेश व रक्षामंत्री मंगलवार को भारत-अमेरिका के बीच टू-प्लस-टू वार्ता के तीसरे संस्करण में हिस्सा लेंगे। अमेरिका में चुनाव से महज एक हफ्ते पहले ट्रंप के दो शीर्ष मंत्रियों की यह वार्ता बेहद महत्वेपूर्ण मानी जा रही है। वार्ता में कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का चीन का प्रयास और पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में उसका आक्रामक व्यवहार भी शामिल है। जानकारों का कहना है कि पिछले कुछ साल में भारत, अमेरिका का सबसे बड़ा रक्षा व व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है। टू प्लस टू वार्ता से साफ संकेत मिल रहा है कि चीन से तनाव के बीच यह रिश्ता और मजबूत होगा।

पिछले 15 साल में करीब 20 बिलियन डॉलर **की रक्षा खरीद**–दोनों देश रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में घनिष्ठता के साथ काम कर रहे हैं। पिछले 15 सालों के दौरान भारत ने सी-17 ग्लोबमास्टरर्स और सी-130जे सुपर हरक्यूलिस स्पेशल ऑपरेशन ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट समेत करीब 20 बिलियन डॉलर की रक्षा खरीद की है। ये वायुसेना के बेड़े के अहम आधार बन गए हैं। इसके अलावा हेलिकॉप्टर के मामले में भी अमेरिकी चिनूक और अपाचे की खरीद सशस्त्र बलों के लिए की गई है। सेना अमेरिकी अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर का भी इस्तेमाल कर रही है। नौसेना ने हाल ही में अमेरिकी एमएच-60 रोमियो एंटी-सबमरीन युद्धक बहुराष्ट्रीय हेलिकॉप्टरों को अपनी जरूरतों के लिए चुना है। टू प्लस टू वार्ता में नए रक्षा समझौतो की दिशा भी तय होगी।

**तीसरी 'टू प्लस टू' वार्ता से उम्मीद**–जानकार मानते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग को टू-प्लस-टू वार्ता से नई ऊंचाई मिलेगी। टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में विश्व के दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच वैश्विक सहयोग की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी और आगे उठाए जाने वाले कदमों का



खाका तैयार किया जाएगा। अमेरिका में तीन नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है और यह चुनाव से पहले ट्रंप सरकार की आखिरी सबसे बड़ी राजनयिक वार्ता होगी। इस बैठक में दोनों देशों के संबंधों की आगामी चार साल के लिए आधारशिला रखे जाने की संभावना है।

**अंतरिक्ष मे बढ़ेगा सहयोग**–जानकारों का कहना है कि भारत अमेरिका से एमक्यू -9 बी ड्रोन खरीद रहा है। परस्पर समझौते के बाद भारत अंतरिक्ष के डाटा का प्रयोग दुश्मन के अड्डों पर हमला करने के लिए कर सकेगा। भारत और अमेरिका के बीच पहले ही तीन मौलिक समझौते हो चुके हैं। इन समझौतों के तहत दोनों देश पहले से ही एक-दूसरे के मिलिट्री संस्थानों का प्रयोग रि-फ्यूलिंग और आपूर्ति के लिए करने में सक्षम हैं। इसके अलावा कम्युनिकेशन के समझौतों के बाद दोनों देश आपस में जमीन और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सैन्य जानकारियों को साझा कर रहे हैं।

**उच्चतम स्तर का संस्थागत तंत्र**–भारत और अमेरिका के बीच टू प्लस टू वार्ता दोनों देशों के मध्य एक उच्चतम स्तर का संस्थागत तंत्र है जो भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा, रक्षा और रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा के लिए मंच प्रदान करता है। जून 2017 में व्हाइट हाउस में प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच तय हुआ था कि टू प्लस टू वार्ता साल में दो बार होगी।

**पहली वार्ताः अहम सुरक्षा समझौते कॉमकासा पर हस्ताक्षर**–पहली बैठक में एनएसजी में जल्द से जल्द भारत की सदस्यता पर बातचीत हुई थी। एनएसजी सदस्यता, अफगान नीति, रक्षा और सुरक्षा पर चर्चा के साथ ही दोनों देशों के बीच अहम सुरक्षा समझौते कॉमकासा पर हस्ताक्षर हुए थे। इस समझौते के बाद अमेरिका संवेदनशील सुरक्षा तकनीक भारत को बेच सकता है ये रास्ता साफ हो गया। भारत पहला ऐसा गैर-नाटो देश है, जिसे अमेरिका से यह सुविधा मिली है।

**दूसरी वार्ताः इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एनेक्स समझौते को मंजूरी**–18 दिसंबर, 2019 को भारत और अमेरिका के विदेश और रक्षा मंत्रियों के बीच वाशिंगटन में 'टू प्लस टू वार्ता' हुई। इस वार्ता में दोनों पक्षों ने भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के विभिन्न क्षेत्रों में बढती साझेदारी को सकारात्मक रुप से स्वीकार किया। इस वार्ता में एक तरफ जहां हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ बनाने को लेकर स्पष्टता देखी गई। वहीं अमेरिका की निजी क्षेत्र की रक्षा कंपनियों द्वारा भारत में अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों के निर्माण की राह में एक बड़ी अड़चन समाप्त हो गई। दोनों देशों ने इसके लिए 'इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एनेक्स' नामक समझौते को मंजूरी दी है।

# चेन्नई ने बेंगलुरु को हराया: धोनी की टीम लगातार तीन हार के बाद जीती

- प्ले-ऑफ के लिए विराट कोहली का इंतजार बढ़ा

दुबई ■ एजेंसी

आईपीएल के 13वें सीजन का 44वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (उरड) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्छइ) को 8 विकेट से हरा दिया। दुबई में खेले गए मुकाबले में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई को 146 रन का टारगेट दिया था। जवाब में चेन्नई ने 18.4 ओवर में 2 विकेट पर 150 रन बनाकर मैच जीत लिया। रितुराज गायकवाड़ ने आईपीएल में अपनी पहली फिफ्टी लगाते हुए नाबाद 65 रन बनाए। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की टीम लगातार तीन मैच हारने के बाद जीती है। इस जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में चेन्नई के 8 पॉइंट्स हो गए हैं। वहीं, बेंगलुरु को प्ले-ऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए अभी और इंतजार करना होगा। बेंगलुरु 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। एक जीत उसे टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचा देगी।



## पावर-प्ले में चेन्नई ने बनाए 48 रन

चेन्नई के लिए फाफ डु प्लेसिस और रितुराज गायकवाड़ ने पारी की शुरूआत की। दोनों ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 46 रन की पार्टनरशिप की। डु प्लेसिस 25 रन बनाकर क्रिस मॉरिस की बॉल पर आउट हुए। इसके बाद गायकवाड़ और अंबाती रायडू ने पारी संभाली। गायकवाड़ आईपीएल में पहली फिफ्टी लगाने वाले चौथे युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने 23 साल और 168 दिन की उम्र में फिफ्टी लगाई। वहीं, सबसे कम उम्र में लीग में फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड सीएसके के ही सुरेश रैना के नाम है। उन्होंने 2008 में 21 साल और 148 दिन की उम्र में पहली फिफ्टी लगाई थी। सैम करन (22 साल 142 दिन) दूसरे और पार्थिव पटेल (23 साल 76 दिन) तीसरे नंबर पर हैं।

## बेंगलुरु ने बनाए 6 विकेट पर 145 रन बनाए

बेंगलुरु के कप्तान विराट कोहली की 50 रन की पारी की बदौलत टीम ने 6 विकेट पर 145 रन बनाए। कोहली ने अपनी पारी के दौरान एक चौका और एक छक्का लगाया। चेन्नई के सैम करन को 3, दीपक चाहर को 2 और मिशेल सैंटनर को 1 विकेट मिला। बेंगलुरु के दोनों ओपनर एरॉन फिंच और देवदत्त पडिक्कल कुछ खास नही कर सके। फिंच सिर्फ 15 रन ही बना सके और सैम करन की बॉल पर रितुराज गायकवाड़ को कैच दे बैठे। इसके बाद पडिक्कल (22) को मिशेल सैंटनर ने आउट किया। उनका बाउंड्री पर फाफ डु प्लेसिस और रितुराज गायकवाड़ ने मिलकर शानदार कैच पकड़ा। ओपनर्स के जल्दी आउट होने के बाद कोहली और एबी डिविलियर्स ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की पार्टनरशिप हुई।

## मनदीप ने अपने पिता के नाम की हैदराबाद के खिलाफ मिली रोमांचक जीत

**दुबई।** दुबई में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में किंग्स इलेवन पंजाब ने सनराइजर्स हैदराबाद को 12 रनों से हरा दिया। पंजाब ने टॉस हारकर पहले खेलते हुए स्कोरबोर्ड पर मात्र 126 रन बनाए लेकिन टीम के गेंदबाजों ने अपने अनुशासित प्रदर्शन से मैच का पासा पलट दिया। सनराइजर्स ने आखिरी सात विकेट 14 रन के भीतर गंवा दिए और पूरी टीम 19.5 ओवरों में 114 रन पर आउट हो गई। यह मैच पंजाब के बल्लेबाज मनदीप सिंह के लिए काफी इमोशनल था क्योंकि मैच से एक दिन पहले ही उनके पिता का निधन हो गया था। हैदराबाद के खिलाफ मिली यादगार जीत को उन्होंने अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, 'यह आपके लिए है पापा।' इस ट्वीट के साथ उन्होंने अपनी टीम के दो फोटो भी शेयर किए हैं। इन तस्वीरों में सभी खिलाड़ी उनके आस-पास एक घेरा बनाकर खड़े हुए हैं। हालांकि खुद मनदीप सिंह इस मैच में कुछ खास नहीं कर पाए। उन्हें मयंक अग्रवाल की अनुपस्थिति में सलामी बल्लेबाज के तौर पर भेजा गया, लेकिन वो छाप नहीं छोड़ पाए। उन्होंने 14 गेंदों पर एक चौके की मदद से 17 रनों की पारी खेली। वो लंबा शॉट लगाने के चक्कर में तेज गेंदबाज संदीप शर्मा की गेंद पर राशिद खान के हाथों लपके गए। इस मैच में पंजाब की तरफ से निकोलस पूरन ने सर्वाधिक 32 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा कप्तान केएल राहुल ने 27 जबकि क्रिस गेल ने 20 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से तेज गेंदबाज जेसन होल्डर ने 27 रन देकर और राशिद ने 14 रन देकर दो-दो विकेट लिए। वहीं संदीप शर्मा ने 29 रन देकर दो विकेट चटकाए। राशिद ने 11वें ओवर की पहली ही गेंद पर राहुल को बोल्ड करके पंजाब को करारा झटका दिया।



आईपीएल 2020: पंजाब और कोलकाता टीमों के लिए जीत जरूरी

# केकेआर के खिलाफ विजय अभियान जारी रखने उतरेगी पंजाब की टीम

- शुरूआती मैचों में मिली हार से उबरकर केकेआर ने लगातार चार मैच जीते हैं
- पंजाब के 11 मैचों में पांच जीत से 10 अंक हैं

शारजाह ■ एजेंसी

किंग्स इलेवन पंजाब सोमवार को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी जीत की लय बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। शुरूआती मैचों में मिली हार से उबरकर केकेआर ने लगातार चार मैच जीते हैं और ऐसे में वह प्लेऑफ में जगह बनाने की प्रबल दावेदार के तौर पर उभरी है। किंग्स इलेवन के 11 मैचों में पांच जीत से 10 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है जबकि केकेआर के 12 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर है। पंजाब एक जीत से शीर्ष चार में पहुंच गयी है जबकि केकेआर अगर जीत दर्ज करता है तो उसके 14 अंक हो जाएंगे और इससे उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं भी बेहतर हो जाएगी। प्लेऑफ की दौड़ अब काफी कड़ी हो गयी है और ऐसे में दोनों टीमें सोमवार को अपनी पूरी ताकत लगा देंगी क्योंकि एक हार से वह बाहर हो सकते हैं। किंग्स इलेवन की टीम इस मैच में प्रबल दावेदार नजर आ रही है। उसने लगातार पांच मैच हारने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को हराया और फिर मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स को शिकस्त दी। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छोटे स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिये किंग्स इलेवन को अपने बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे। बल्लेबाजी में पंजाब के पास कप्तान के एल राहुल और मयंक अग्रवाल जैसे बल्लेबाज हैं। इन दोनो ने ही इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। स्टार बल्लेबाज क्रिस गेल के आने से टीम का मनोबल बढ़ा है। जब से गेल आये हैं टीम लगातार जीत रही है। वहीं निकोलस पूरण भी अच्छे बल्लेबाज के तौर पर उभरे हैं। ग्लेन मैक्सवेल की फार्म अब भी टीम के लिये चिंता का विषय है। मयंक घुटने की चोट के कारण सनराइजर्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाये थे लेकिन उनके केकेआर के खिलाफ खेलने की उम्मीद है।



### दोनों टीमों के खिलाड़ी इस प्रकार हैं

**कोलकाता नाइट राइडर्स**
इयोन मोर्गन (कप्तान), शुभमन गिल, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), अद्रि रसेल, कुलदीप यादव, लॉकी फर्गूसन, पैट कमिंस, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, टॉम बैंटन, सिद्धेश लाड, कमलेश नागरकोटी, प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर।

**किंग्स इलेवन पंजाब**
केएल राहुल (कप्तान), हरप्रीत बराड़, मनदीप सिंह, क्रिस जॉर्डन, करुण नायर, दीपक हुड्डा, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मुजीब उर रहमान, शेल्डन कॉटरेल, मयंक अग्रवाल, मोहम्मद शमी, निकोलस पूरण, क्रिस गेल, मुरुगन अश्विन, जगदीश सुचित।

### दोनों टीमें अपने पिछले मैच जीत चुकी हैं

केकेआर की टीम भी दिल्ली कैपिटल्स की मजबूत टीम के खिलाफ जीत से उत्साहित है और वह विजय अभियान बरकरार रखने के लिये बेताब होगी। वहीं दूसरी ओर आरसीबी के खिलाफ आठ विकेट की करारी शिकस्त के बाद दो बार के चैंपियन केकेआर ने अच्छा प्रदर्शन किया है तथा दिल्ली को 59 रन से हराया है। नितीश राणा को सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा गया और उन्होंने 81 रन की अच्छी पारी खेली। लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इसके बाद दिल्ली के मध्यक्रम को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने पांच विकेट लिये। अब केकेआर को अगर अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। केकेआर की गेंदबाजी लॉकी फर्गुसन के आने के बाद मजबूत हुई है।

## न्यूज. ब्रीफ

### एशियाई ऑनलाइन शतरंज में भारतीय महिला टीम जीती

**चेन्नई।** भारतीय महिला टीम ने इंडोनेशिया को 6-2 से हराकर एशियाई नेशन्स (क्षेत्रीय) ऑनलाइन शतरंज चैंपियनशिप जीत ली है। वहीं भारतीय पुरुष टीम को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद रजत पदक ही मिल पाया। पुरुष टीम को बेहद करीबी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 3.5-4.5 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष वर्ग के फाइनल के पहले मैच में बी अधिबान और एस पी सेतुरमण की एंटन स्मिरनोव और मैक्स इलिंगवर्थ के हाथों हार भारत को महंगी पड़ी। शशिकिरण ने जेम्स मौरिस को हराया पर निहाल सरीन ने तैमूर कुयाबोकारोव के साथ अंक बांटे। दूसरे मैच में सेतुरमन की जगह सूर्य शेखर गांगुली खेले और वह इलिंगवर्थ को हराने में सफल रहे लेकिन कुयाबोकारोव ने सरीन को हराकर हिसाब बराबर कर दिया। अधिबान और शशिकिरण ने अपनी बाजियां ड्रा खेली। भारतीय टीम पहला मैच 1.5-2.5 से हार गयी थी जबकि दूसरा मैच 2-2 से बराबर रहा। वहीं दूसरी ओर महिला वर्ग के फाइनल में महिला ग्रैंडमास्टर पी वी नंदिता ने चेल्सी मोनिका इग्नेसियास सिहेती को हराकर भारत को पहला अंक दिलाया। इसके बाद पूनम राउत ने मेडिना वर्दा आइलिया को पराजित किया। आर वैशाली और कप्तान मेरी एन गोम्स ने अपनी बाजियां ड्रा खेली। इस तरह से भारत ने पहला मैच 3-1 से जीता। दूसरे मैच में वैशाली को शीर्ष बोर्ड पर इरीन करिश्मा से हार झेलनी पड़ी लेकिन भक्ति कुलकर्णी, पद्मिनी राउत और नंदिता ने अपनी अपनी बाजियां जीती।

### विराट के साथी क्रिकेटर रहे तन्मय ने संन्यास लिया

**मुंबई।** भारतीय टीम के 2008 अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे बल्लेबाज तन्मय श्रीवास्तव ने खेल को अलविदा कह दिया है। तन्मय ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। इस क्रिकेटर का कहना है कि वह अपने जीवन में अब कुछ नये लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं। बायें हाथ के इस तीस साल के बल्लेबाज ने सोशल मीडिया के जरिये संन्यास की घोषणा की। इस क्रिकेटर ने ट्वीट किया, यह मेरे क्रिकेट करियर को अलविदा कहने का समय है। मैंने यादें और दोस्त बनाने के साथ जूनियर क्रिकेट, रणजी ट्रॉफी और अंडर-19 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे टीम के साथ कप लेकर घर लौटा। तन्मय ने मलेशिया में साल 2008 में विराट कोहली की कप्तानी में खेले अंडर-19 विश्व कप में 262 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाये थे। इस बल्लेबाज ने फाइनल में 43 रन का अहम योगदान दिया था। श्रीवास्तव ने इसके साथ ही लगातार समर्थन के लिए अपने कोचों, उत्तर प्रदेश क्रिकेट प्रशासकों, माता-पिता और पत्नी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैंने मैदान के अंदर और बाहर क्रिकेट से जुड़ी ऐसी यादें बनाई है जो जीवन भर मेरे साथ जुड़ी रहेंगी। मैंने नये सपने देखे है और उसके लिये बड़ी महत्वकांक्षा है। अब अगले अध्याय का समय है। इस बल्लेबाज ने प्रथम श्रेणी के 90 मैचों में 10 शतकों और 27 अर्धशतकों की सहायता से 4,918 रन बनाये है। वह हालांकि सीनियर भारतीय टीम में जगह नही बना सके। घरेलू क्रिकेट में इस क्रिकेटर ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व के बाद उत्तराखंड का नेतृत्व किया।

### ओलंपिक के लिए बने तैराकी एवं गोताखोरी सेंटर का उद्घाटन

**टोक्यो।** जापान में ओलंपिक तैराकी एवं गोताखोरी प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल टोक्यो तैराकी एवं गोताखोरी सेंटर का यहां (टोक्यो) ओलंपिक के लिए बने तैराकी एवं गोताखोरी सेंटर का उद्घाटन हुआ है। 13,000 दर्शकों की क्षमता वाले इस सेंटर के निर्माण में आठ महीने का समय लगा है। सेंटर का उद्घाटन भव्य समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर टोक्यो की गर्वनर यूरिको कोइके, ओलंपिक मंत्री सेइको हाशिमोतो और जापानी ओलंपिक समिति के अध्यक्ष यासुहिरो यामाशिता भी उपस्थित थे। टोक्यो तैराकी सेंटर आठ नये निर्मित स्थायी केंद्रों में से एक है और इसका अनावरण इन आठ नए निर्मित खेल स्थलों के अंत में हुआ है। यह सिटी सेंटर से करीब सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस केंद्र का मार्च में अनावरण होने वाला था पर अचानक ही कोरोना संक्रमण के कारण इस कार्य में देरी हो गई। टोक्यो की गर्वनर कोइके ने कहा कि शहर में अगले वर्ष अधिक संख्या में खिलाड़ियों और दर्शकों के आने की उम्मीद है क्योंकि जापान में कोरोना संक्रमण के मामले घट गये हैं।

## 5जी टेक्नॉलजी में दुनिया कर रही चाइना कंपनियों से किनारा

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

दुनिया बहुत तेजी से 5जी टेक्नॉलजी की तरफ बढ़ रही है, लेकिन पिछले कुछ समय से जो घटनाएं हुई हैं, उसके कारण इस रेस से चीन धीरे-धीरे दूर हो रहा है। स्वीडन के बाद बुल्गारिया ने भी 5जी टेक्नॉलजी को लेकर चाइनीज कंपनियों को झटका दिया और अमेरिका के साथ करार किया है। भारतीय कंपनी रिलायंस जियो ने भी पिछले दिनों अमेरिकी कंपनी क्वालकॉम के साथ 5जी का सफल परीक्षण किया है। बुल्गारिया ने बाल्कन क्षेत्र के कुछ अन्य देशों की तरह 5जी टेक्नॉलजी को लेकर अमेरिका के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। बुल्गारिया का यह कदम अपने यहां 5जी इकोसिस्टम से चीन की कंपनियों को बाहर रखने पर केंद्रित है। इससे पहले बाल्कन के अन्य देश जैसे उत्तरी मेसीडोनिया और कोसोवो आदि भी अमेरिका के साथ इसी तरह का समझौता कर चुके हैं। बुल्गारिया ने 'क्लीन नेटवर्क' सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के द्वारा दुनिया भर में 5जी इकोसिस्टम से चीन की कंपनियों को बाहर रखने की मुहिम का हिस्सा है। पिछले दिनों स्वीडन ने भी चीन को देश के सबसे बड़े खतरों में से एक बताते हुए 5जी टेक्नॉलजी के लिए चीनी कंपनी हुवाई और जीटीई :के नेटवर्क-उपकरणों के इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। देश के दूरसंचार नियामक ने कहा कि 5जी टेक्नॉलजी के लिए होने वाली स्पेक्ट्रम नीलामी में भाग लेने वाली चार दूरसंचार कंपनियां किसी भी तरह से हुआवे और जेडटीई के उत्पाद उपयोग नहीं कर सकेंगी। ये शर्तें स्वीडन की सेना और सुरक्षा सेवाओं द्वारा की गई समीक्षा के आधार पर तय की गई हैं। पिछले दिनों अमेरिकी टेक्नॉलजी फर्म क्वालकॉम के साथ मिलकर रिलायंस जियो ने अमेरिका में अपनी 5जी टेक्नॉलजी का सफल परीक्षण किया था।

## प्याज का बफर स्टॉक तेजी से हो रहा खाली



नई दिल्ली ■ ब्यूरो

देश में प्याज का औसत मूल्य 100 रुपए पार कर गया है। नाफेड ने कहा कि सरकार के पास बफर स्टॉक में केवल 25 हजार टन प्याज बचे हुए हैं। फिलहाल सरकार ने सप्लाई की कमी को पूरा करने के लिए प्याज आयात करने का फैसला किया है। प्याज की कीमत बहुत तेजी से बढ़ रही है। कई शहरों में इसका भाव 100 रुपए के स्तर को पार कर गया है। नासिक रीटेल मार्केट में भी प्याज 80 रुपए किलो बिक रहा है। माना जा रहा है कि दुर्गा पूजा के बाद कीमत में और ज्यादा तेजी आएगी। कीमत में तेजी को लेकर कहा जा रहा है कि सप्लाई कम हो गई है। नाफेड की जानकारी के मुताबिक सरकार के पास भी प्याज का महज 25 हजार टन का सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) बचा हुआ है। यह स्टॉक नवंबर के पहले सप्ताह तक समाप्त हो जाएगा।

## देश की पहली सीप्लेन सर्विस इसी महीने के अंत में शुरू हो सकती है



- साबरमती रिवरफ्रंट से स्टेट्यू ऑफ यूनिटी तक होगा परिचालन
- मालदीव से सीप्लेन की खरीदारी कर रही है स्पाइसजेट
- सीप्लेन 26 अक्टूबर तक आ जाने का अनुमान है
- 19 सीट वाले सीप्लेन में 12 यात्री बैठ सकेंगे
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं उद्घाटन
- प्रत्येक टिकट का किराया करीब 4,800 रुपए होगा

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

देश की पहली सीप्लेन सर्विस इसी महीने के अंत में शुरू हो सकती है। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीय ने कहा कि यदि यदि सभी कुछ योजना के हिसाब से होता गया, तो 31 अक्टूबर को सीप्लेन सर्विस शुरू हो जाएगी। सीप्लेन सर्विस का परिचालन साबरमती रिवरफ्रंट से स्टेट्यू ऑफ यूनिटी तक होगा। सर्विस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। इस सेवा के लिए स्पाइसजेट मालदीव से एक सीप्लेन खरीद रही है। सीप्लेन 26 अक्टूबर तक आ जाने का अनुमान है। सीप्लेन का परिचालन करीब 205 किलोमीटर की दूरी के बीच होगा। 31 अक्टूबर सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिसंबर 2017 में साबरमती रिवरफ्रंट से एक बार सीप्लेन फ्लाइट का उपयोग कर चुके हैं। जहाजरानी मंत्री ने कहा कि साबरमती रिवरफ्रंट से स्टेट्यू ऑफ यूनिटी के बीच सीप्लेन सर्विस देश के लिए एक नई शुरूआत होगी।

### पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा

मांडवीय ने कहा कि सेवा देने वाली कंपनी स्पाइसजेट को उड़ान योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। इस सर्विस से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। 19 सीट वाले सीप्लेन में 12 यात्री बैठ सकेंगे। दिनभर में दोनों ओर से चार फ्लाइट्स का परिचालन होगा। एक यात्री के टिकट का किराया करीब 4,800 रुपए होगा। गुजरात सरकार ने इस साल जुलाई में रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत सीप्लेन सर्विस के लिए 4 वाटर एरोड्रोम के निर्माण के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। ये वाटर एरोड्रोम अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट, नर्मदा जिले के केवाडिया में सरदार सरोवर डैम, भावनगर जिले के पालिताना में शतरंजी डैम और मेहसाना जिले के धाओरी डैम में बनाने की योजना थी।

## शेयर बाजार के लिए सेंसेक्स निफ्टी में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** आज कारोबारी सप्ताह का पहला दिन शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। मायूसी भरे सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 540 अंकों के नुकसान के साथ 40,145 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 162.60 अंक नीचे 1,767.75 के स्तर पर कारोबार को विराम दिया। दिनभार बाजार की चाल बेहद खराब रही। एक समय सेंसेक्स 40000 के नीचे आ गया था। सेंसेक्स का आज का निम्न स्तर 39,948.29 था। वहीं अगर निफ्टी की बात करें तो एक समय यह 11,711.70 के स्तर पर आ गया था।

**सभी सेक्टोरल इंडेक्स धड़ाम**-निफ्टी बैंक 1.65, ऑटो 3.22, फाइनेंशियल सर्विसेज 1.05, एफएमसीजी 0.03, आईटी 1.20, मीडिया 2.74, मेटल 3.50, फार्मा 1.47, पीएसयू बैंक 1.19, प्राइवेट बैंक 1.41 और रियलटी इंडेक्स 1.89 फीसद की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में बजाज ऑटो रही। इसमें 6.10 प्रतिशत की गिरावट आयी। जिन अन्य प्रमुख शेयरों में गिरावट रही, उनमें महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। लाभ में रहने वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, कोटक बैंक, इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड और एचयूएल शामिल हैं। इसमें 2.48 प्रतिशत तक की तेजी आयी।

**रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 3.97 फीसद की गिरावट**-फ्यूचर ग्रुप के साथ रिलायंस रिटेल की डील पर ग्रहण लगने से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 3.97 फीसद की गिरावट देखी गई। आरआईएल का स्टॉक 2028.70 पर बंद हुआ। आरआईएल का शेयर 3.97 प्रतिशत नीचे आ गया। इसका कारण फ्यूचर ग्रुप के रिलायंस इंडस्ट्रीज को खुदरा कारोबार 24,713 करोड़ रुपये में बेचने के मामले में अमेजन डॉट कॉम के पक्ष में अंतरिम मध्स्थता आदेश का आना है।अमेजन पिछले साल खुदरा और फैशन समूह में अल्पांश हिस्सेदारी हासिल की थी। उसका कहना है कि फ्यूचर का अपना खुदरा, थोक, लॉजिस्टिक और गोदाम कारोबार रिलायंस को बेचना उसके साथ किये गये गये अनुबंध का उल्लंघन है। अनुबंध में यह प्रावधान शामिल था कि इस प्रकार की पेशकश सबसे पहले उसे की जानी थी। सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र ने रविवार को फ्यूचर रिटेल और उसके संस्थापकों पर अंतिम आदेश आने तक बिक्री के लिये आगे कदम बढ़ाये जाने पर रोक लगा दी।

**गिरावट की वजह**-अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में तीव्र गिरावट का भी निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। उधर, यूरोप और अन्य क्षेत्रों में कोविड-19 के बढ़ते मामलों और ताजा प्रोत्साहन उपायों का लेकर अनिश्चितता की वजह से रुख कमजोर रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में उतार-चढ़ाव उम्मीद के अनुरूप है। इसका कारण अमेरिका में चुनाव की तारीख का करीब आना है। कीमतें ऊंची है, इसके कारण अनिश्चितता को झेलने की बाजार की क्षमता सीमित हुई है। हालांकि चुनाव के परिणाम से दीर्घकलीन रुझान में बदलाव की संभावना कम है। अमेरिका तथा यूरोप में कोविड-19 के बढ़ते मामले तथा अमेरिका में प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा में देरी से निवेशकों में चिंता बढ़ी है।







## राहत: पेट्रोल और डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** वैश्विक महामारी कोविड-19 का अमेरिका और कई अन्य संपन्न देशों में प्रकोप फिर बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में नरमी से घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के दामों में मंगलवार को भी कोई घटबढ़ नहीं हुई। डीजल के दाम में अंतिम बार कटौती दो अक्टूबर को हुई थी, जबकि पेट्रोल की कीमत पिछले 34 दिन से स्थिर हैं। पेट्रोल की कीमत में आखिरी बार 22 सितंबर को 7 से 8 पैसे प्रति लीटर की गिरावट देखी गई। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक 26 अक्टूबर 2020 को दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, मुंबई समेत प्रमुख शहरों में डीजल और पेट्रोल के रेट इस पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। विदेशी मुद्रा दरों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत के आधार पर रोज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कीमतों की समीक्षा के बाद रोज़ाना पेट्रोल और डीजल के रेट तय करती हैं। इंडियन ऑयल , भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम रोज़ाना सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की दरों में संशोधन कर जारी करती हैं।

## दिवाली से पहले सोने की कीमतों में बदलाव, 839 रुपये टूटी चांदी

नई दिल्ली। करवाचौथ, धनतेरस और दिवाली से पहले सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए राहत भरी खबर है। देशभर के सर्राफा बाजारों में आज सुबह सोना-चांदी दोनों सस्ता हो गए थे, लेकिन शाम को मामूली तेजी के साथ गोल्ड बंद हुआ। शुक्रवार को बंद भाव के मुकाबले आज यानी 26 अक्टूबर को सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट गोल्ड 254 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट के साथ 50969 रुपये के स्तर पर खुला, लेकिन शाम को यह 15 रुपये तेज होकर 51238 रुपये पर बंद हुआ। वहीं चांदी का हाजिर भाव सुबह 1352 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ खुला और 839 रुपये गिरकर 61706 रुपये पर बंद हुआ।

दिल्ली सर्राफा बाजार का हाल, सोने-चांदी में गिरावट-दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 59 रुपये गिरकर 51,034 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है।

## एक नजर...

### कलेक्टर ने लिखी मतदाताओं को पाती

#### बेझिझक वोट डालने आएँ, मतदान केन्द्र पर कोरोना से बचाव के पुख्ता इंतजाम रहेंगे

**ग्वालियर।** विधानसभा उप चुनाव में सभी से मतदान का आग्रह करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मतदाताओं तक अपनी पाती पहुँचाई है। उन्होंने इस पाती के माध्यम से अपील की है कि डरें नहीं, भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत हर मतदान केन्द्र पर कोविड-19 से बचाव के लिये पूरे इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा है कि 3 नवम्बर के दिन जब ग्वालियर मतदान करेगा तब लोकतंत्र जीतेगा, कोरोना हारेगा । जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने पाती के माध्यम से मतदाताओं तक संदेश पहुँचाया है कि आपके मतदान केन्द्र को एक दिन पहले अच्छे से सेनेटाइज किया जायेगा। मतदान केन्द्र के प्रवेश और निकास द्वार पर हर मतदाता के लिये साबुन, पानी और सेनेटाइजर का इंतजाम रहेगा। जो मतदाता मास्क लगाकर नहीं आयेंगे, उन्हें मास्क मुहैया कराए जायेंगे। स्वास्थ्य कर्मियों एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा हर मतदाता के तापमान (थर्मल स्क्रीनिंग) की जाँच की जायेगी। कलेक्टर ने अपनी पाती में मतदाताओं का भ्रम दूर करते हुए जिक्र किया है कि वोट डालने के लिये लाईन नहीं लगानी पड़ेगी। सभी मतदाता सोशल डिस्टेंसिंग के साथ अपना वोट डाल सकें, इसके लिये ÷पहले आओ पहले वोट डालो÷ सिद्धांत के आधार पर हैल्प डेस्क से टोकन वितरित किए जायेंगे। सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिये मतदान केन्द्र परिसर में गोले के निशान भी लगाए जायेंगे। किसी भी मतदान केन्द्र पर एक हजार से ज्यादा मतदाता नहीं हैं, जिससे भीड़ न हो। महिला एवं पुरूष मतदाताओं के लिये अलग-अलग प्रतीक्षा करने के लिये छायादार स्थान कुर्सियों सहित बैठने के लिये उपलब्ध रहेंगे।

### कलेक्टर आज रहवासी संघों के प्रतिनिधियों की बैठक लेंगे

**ग्वालियर।** विधानसभा उप चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिये जिले में स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एज्यूकेशन एण्ड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) के तहत जागरूकता कार्यक्रम जारी है। इस कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह 28 अक्टूबर को शहरी क्षेत्र की कॉलोनियों के रहवासी संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर चर्चा करेंगे। इस दिन यह बैठक प्रात~ 11.30 बजे रूपसिंह स्टेडियम के समीप स्थित बाल भवन सभागार में आयोजित होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने बताया कि इस बैठक के माध्यम से खासतौर पर रहवासी संघों को यह समझाया जायेगा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के पालन में जिला प्रशासन द्वारा क्या-क्या इंतजाम किए जा रहे हैं।

### जिला कॉन्टेक्ट सेंटर 1950 स्थापित, आम मतदाता जान सकेंगे चुनाव से संबंधित जानकारी

**ग्वालियर।** विधानसभा उप निर्वाचन-2020 के लिये सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद की जा रही हैं। निर्वाचन के दौरान सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिये कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में जिला कॉन्टेक्ट सेंटर 1950 स्थापित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने बताया कि जिला कॉन्टेक्ट सेंटर 1950 पर संपर्क कर मतदाता चुनाव से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**मतदाता को कोई शिकायत करनी हो तो इस नम्बर पर फोन करें**–कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने पाती के माध्यम से यह भी बताया है कि यदि किसी मतदाता को शिकायत दर्ज करानी है तो टोल फ्री नम्बर 1950 पर अपनी बात रख सकते हैं। साथ ही इस टोल फ्री नम्बर से चुनाव संबंधी जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा मतदाता ष्ड्डद्बलद्बरुएप भी डाउनलोड कर सकते हैं। इस एप पर फोटो, वीडियो इत्यादि अपलोड कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। सीविजिल पर प्राप्त शिकायतों का समाधान 100 मिनट के भीतर किया जाता है।

### दिव्यांग मतदाताओं की मदद के लिये हैल्प डेस्क

**ग्वालियर।** विधानसभा उप निर्वाचन-2020 में दिव्यांग मतदाता बिना किसी परेशानी के अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। इसके लिये कलेक्ट्रेट में ÷हैल्प डेस्क÷ बनाई गई है। कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष क्र.-110 में दिव्यांग मतदाताओं के सहायतार्थ स्थापित यह ÷हैल्प-डेस्क÷ 29 अक्टूबर से शुरू होगी और मतदान दिवस यानि 3 नवम्बर तक संचालित रहेगी। ÷हैल्प डेस्क÷ का दूरभाष नम्बर 0751-2446321 है। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं नोडल अधिकारी पीडब्ल्यूडी वोटर्स श्री राजीव सिंह से प्राप्त जानकारी के मुताबिक दिव्यांगजन हैल्प डेस्क पर प्रात~ 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक संपर्क कर सकेंगे।

# प्रेक्षकगणों की मौजूदगी में हुआ पुलिसकर्मियों का रेण्डमाइजेशन



**ग्वालियर।** किस मतदान केन्द्र पर कौन से पुलिस जवान तैनात रहेंगे। यह निर्धारण रेण्डमाइजेशन के जरिए प्रेक्षकगणों की मौजूदगी में किया गया। मंगलवार को यहाँ एलएनआईपीई में हुए पुलिसकर्मियों के रेण्डमाइजेशन के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री संजय सिन्हा व श्री अजयनाथ झा तथा पुलिस प्रेक्षक श्री एम एन तिवारी मौजूद थे। ज्ञात हो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व एवं 19-डबरा (अजा) में आगामी 3 नवम्बर को मतदान होगा। मतों की गिनती 10 नवम्बर को एमएलबी कॉलेज में की जायेगी।

**प्रेक्षकगणों ने किया रायरू डिस्टलरी का निरीक्षण**–भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में विधानसभा उप चुनाव पर निगरानी रखने के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षकगण श्री संजय सिन्हा व श्री अजयनाथ झा ने पुलिस प्रेक्षक श्री एम एन तिवारी के साथ मंगलवार को रायरू पहुँचकर यहाँ स्थित डिस्टलरी का निरीक्षण किया। प्रेक्षकगणों ने बारीकी के साथ डिस्टलरी के अभिलेखों को देखा। प्रेक्षक श्री सिन्हा ने मौके पर पहुँचकर देखी डाक मत पत्र डालने की प्रक्रिया विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर व 16-ग्वालियर पूर्व के सामान्य प्रेक्षक श्री संजय सिन्हा ने 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों द्वारा डाले जा रहे डाक मत पत्रों की प्रक्रिया को मौके पर पहुँचकर देखा। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर के अंतर्गत गाँधी नगर एवं 16-ग्वालियर पूर्व के अंतर्गत सिटी सेंटर स्थित ग्रीन गार्डन में डाक मत पत्र डालने की प्रक्रिया का जायजा लिया।

# कलेक्टर ने डबरा पहुँचकर किसानों से की चर्चा : किसानों की हड़ताल समाप्त

**ग्वालियर।** किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को डबरा मंडी प्रांगण में पहुँचकर चर्चा की। किसानों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से चर्चा के उपरांत किसानों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने किसानों से चर्चा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि 20 तौलकांटे तत्काल प्रारंभ किए जाएं। किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु कंट्रोल रूम प्रारंभ कर खरीदी में किसानों को जो भी समस्या हो उसका तत्काल निराकरण हो। किसानों से समर्थन मूल्य पर की जा रही खरीददारी की निगरानी हेतु सरकारी खरीदी केन्द्र पर निगरानी समिति का गठन किया जाए। इन समितियों में किसानों को भी सम्मिलित किया जाए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि जिला स्तर से खरीदी संबंधी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जायेगा। साथ ही प्रदेश स्तरीय समस्याओं के लिये प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी से किसानों की चर्चा भी कराई जायेगी। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि किसानों पर जो पुलिस प्रकरण कायम किया गया, उस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जायेगा। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि सभी खरीदी केन्द्रों पर शासन के दिशा-निर्देशानुसार फ्लैक्स बैनर लगाए जाएँ। खरीदी केन्द्रों पर किसानों की सुविधा हेतु छाया, पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी निर्देशित किया कि समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु 2200 किसानों को तत्काल एसएमएस कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। किसानों से चर्चा करते समय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डबरा श्री प्रदीप शर्मा, एडिशनल एसपी श्री जयराम कुबेर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### मतदान केन्द्रों पर कोविड गाइडलाइन का भी पालन सुनिश्चित हो

ग्वालियर। विधानसभा उप निर्वाचन-2020 के लिये मतदान 3 नवम्बर को होगा। मतदान से पूर्व मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद की जाएँ। कोविड संक्रमण के दृष्टिगत जारी की गई गाइडलाइन का पालन हो। मतदाता को मतदान केन्द्र पर किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने मंगलवार को नगर निगम के बाल भवन में निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए यह बात कही। निर्वाचन की तैयारियों के लिये आहुत इस बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री किशोर कान्याल, अपर आयुक्त नगर निगम श्री आर के श्रीवास्तव उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर कोविड गाइडलाइन के तहत मतदान करने आने वाले हर मतदाता का सेनेटाइजेशन करें। इसके साथ ही मतदाताओं को आवश्यकतानुसार मास्क एवं ग्लब्स की उपलब्धता हो, मतदाता को मतदान केन्द्र पर बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी मतदाताओं से अपील की जाए कि मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र पर आते समय संक्रमण की रोकथाम हेतु मास्क अनिवार्यत- लगाकर आएँ। मतदान के समय सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित किया जाए। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा कि मतदान केन्द्र पर सेनेटाइजेशन, थर्मल स्क्रीनिंग, ग्लब्स वितरण आदि के लिये व्यक्तिश- कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए।



# लोकतंत्र के यज्ञ में पूर्णआहूति के रूप में मतदान करने का जागरूकता अभियान : डॉ. संजय पाण्डेय

(मतदाता जागरूकता अभियान में विक्ट्री का साइन माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा)

ग्वालियर। नवरात्र के समय उपनिर्वाचन में पूर्णआहूति अपना मत देने के लिये हम युवा तैयार है और दूसरे लोगो को भी मत का महत्व समझाकर मतदान करने के लिये जागरूक कर रहे हैं। माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में स्वयंसेवको ने झुग्गी झोपड़ियो में जाकर लोगों को मत देने का आग्रह किया। मतदाता जागरूकता अभियान वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय के नेतृत्व में किया गया।डॉ. पाण्डेय ने बताया कि माधव महाविद्यालय के एन.एस.एस. स्वयंसेवक मतदाता जागरूकता में हमेषा अहम भूमिका का निर्वहन करते आये है। अपने अमूल्य मत की पूर्णआहूति देकर हम इस लोकतांत्रिक यज्ञ का पूर्ण करेंगे। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं आपितु कर्तव्य भी है। मतदान के दिन हम सभी लोग मतदान करने अवष्य जायें और लोगों को भी मतदान करने का आग्रह करें। मत का दान हमें करना चाहिये क्योंकि दान कोई भी हो हम उसे अच्छा मानते है इसी बात को ध्यान में रखते हुये एन.एस.एस. स्वयंसेवको ने विक्ट्री का साइन बनाकर लोगों को सषक्त मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में तरूण रोहिरा, अंकुष चौरसिया, योगेष्वर माहौर, अंजलि गोयल, हेमन्त मांझाी, यष किरार, पूर्वी बोरगॉवकर अनिरूद्ध शर्मा आकाष राणा अनुभव दीक्षित आदि लोग उपस्थित थे।

# मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं करें चाक-चौबंद : निगमायुक्त



**ग्वालियर।** विधानसभा उप चुनाव के लिए मतदान का समय नजदीक आ गया है सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ली जावे इसके लिए सभी संबंधित क्षेत्र के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जो भी कार्य शेष रह गए हो उन्हें तत्काल पूर्ण करावें। उक्त आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन ने आज बाल भवन में निर्वाचन की समीक्षा बैठक में संबंधित क्षेत्र अधिकारियों को दिए। बाल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त श्री आरके श्रीवास्तव श्री नरोत्तम भार्गव सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं सभी क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ग्वालियर विधानसभा एवं ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों पर आगामी 3 नवंबर को विधानसभा के उपचुनाव होने हैं , इसको लेकर मतदान केंद्रों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन ने आज सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए। निगमायुक्त ने क्षेत्र अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मतदान केंद्रों पर साफ सफाई की व्यवस्था एवं सैनिटाइजेशन का कार्य समय से पहले पूर्ण कर लें तथा मतदान केंद्रों पर मतदाताओं हेतु आवश्यक दूरी पर गोले बनवाए जाएं तथा टेंट ,फर्नीचर, विद्युत , पेयजल ,रैंप इत्यादि की व्यवस्था एवं अन्य सामग्री जिसकी व्यवस्था नगर निगम को करनी है, की व्यवस्थाएं संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर तत्काल पूर्ण करें। इसके साथ ही मतदान केंद्रों तक पहुंचने वाली रोड को भी दुरुस्त कराया जाए। जिससे मतदान के दिन मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। इसके लिए किसी भी समस्या के निराकरण हेतु क्षेत्राधिकारी अपर आयुक्त श्री आरके श्रीवास्तव से संपर्क कर समस्या का निराकरण करा सकते हैं।

# मैनें हमेशा राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया :डॉ. सिकरवार

### डॉ.सिकरवार को महिलाओं ने तिलक कर दिया आर्शीवाद

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस प्रत्याषी डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने आज वार्ड 29 के महलगांव क्षेत्र के विभिन्न मौहल्ला एवं गलियों में सुबह कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर जनसम्पर्क किया। आज सुबह कार्यकर्ता डॉ. सिकरवार के नेतृत्व में करौली माता मंदिर महलगांव में एकत्रित हुये और वहां से बबलू पचौरी का मकान, सर्वेष भाई साहब की गली, ठाकुर बाबा मंदिर, यादव गली, रामऔतार दादा की गली, धार वाले बाबा, बीजासेन माता मंदिर, महलगांव मुख्य मार्ग, पठान मार्केट, सोनी वाली से चढते हुये, नाथ वाले मौहल्ला से उतरना, इमामबाडा, सांई नगर, कब्रिस्तान के पास, नई बस्ती, राजेष पाल के मकान से होते हुये, सरभरी स्कूल से होते हुये, महेष सेन की गली, माधवानी गली, प्रदीप यादव की गली, सरस्वती मंदिर वाली गली, विषाल किराना स्टोर, कुषवाह मौहल्ला, हनुमान जी का मंदिर, कुंदन नगर, पंतनगर, गंगा विहार, राघवेन्द्र नगर, सरस्वती नगर, गोविन्दपुरी, दर्पण कॉलोनी पर जनसम्पर्क का समापन किया। जनसम्पर्क के दौरान डॉ. सिकरवार के साथ पूर्व केबिनेट मंत्री पी.सी. षर्मा, राष्ट्रीय सचिव युवा कॉग्रेस संजय सिंह यादव, कार्यकारी अध्यक्ष युवा कॉग्रेस लोकसभा हेवरन सिंह कंशाना मौजूद रहे। जनसम्पर्क के दौरान क्षेत्रीय जनता द्वारा जगह-जगह डॉ. सिकरवार का पुश्पहार पहनाकर स्वागत किया एवं महिलाओं ने तिलक कर और नारियल देकर आर्षीवाद प्रदान किया। क्षेत्र में आयोजित विभिन्न बैठकों में डॉ. सिकरवार ने कहा कि मैनें हमेषा राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया और सर्वजन सुखाए-सर्वजन हिताए के संकल्प को लेकर सर्वहारा वर्ग में काम किया है। मैं आपको विष्वास दिलाता हूँ कि हमेषा की तरह आगे भी आपके सुख-दुख में आपके साथ खड़ा रहूँगा।



TOMAR ASSOCIATES
शीघ्र करें, ऑफर सीमित समय के लिये
नवरात्री के अवसर पर विशेष छूट पर प्लॉट उपलब्ध
ग्वालियर शहर में आसान मासिक किस्तों पर प्लॉट उपलब्ध। भिण्ड-ग्वालियर मैंन रोड से मात्र 500 मीटर की दूरी पर सर्व सुविधा युक्त पक्की कॉलोनी गौरी नगर में प्लॉट उपलब्ध हैं।
500, 600, 800, 1000, 1200 वर्ग फुट
नोट : तुरन्त रजिस्ट्री कराने पर रजिस्ट्रीखर्चे में 25 प्रतिशत का खर्चा TOMAR ASSOCIATES द्वारा दिया जायेगा।
नवरात्री पर विशेष छूट बेटी वाले परिवार को 100 रू वर्गफीट की विशेष छूट रहेगी ।
कॉल करें या मिलें 9 से 6 बजे तक
पता : 03 तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा. म.प्र.
मो.: 9713253992, 9165260261, 9111503705.
मुद्रक : भारत प्रिंटर्स,गिर्राज प्लाजा, पिन्टो पार्क, ग्वा. 9644042434

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm. (Min. size 5×9)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज 12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश प्रकाशनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निगर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478